卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यःशोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 241 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बुधवार ♦12 जून 2024 ♦मूल्य दो रूपया



ALLIANCE
MANCHESTER

जहाँ शत प्रतिशत सुकून
सिर्फ एक सपना नहीं, हकीकत है

Booking Open

Plots starting @ ₹ 30 lakh onwards
RERA Registration: UKREP06210000381

25 saalon ka bharosa, 10+ projects

Eco friendly drainage system
STP with optimum capacity of 4,00,000 litres
Rain Water Harvesting
State of the art landscape
Enclosed Boundary Wall
Sewage treatment plant
60,000 meters of plotted land
3.75 kms road network for smooth movement

5 MIN
MediCity Multispeciality Hospital
Agrasen Hospital

10 MIN
Delhi Public School
DAV School
Crimson World School
Bhartiyam International School

15 MIN
Railway Station
Airport
Shopping Mall
Main City Market

Home Loans Available

बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda

HDFC BANK

To know more, visit us
opposite Radhasoami Satsang, Rudrapur

9068800279
9058800279

# तीर्थयात्रियों की बस खाई में गिरी, तीन महिलाओं की मौत

## गंगोत्री से लौट रही थी बस,चालक समेत पांच लोगों की हालत गंभीर
## बस में सवार थे दिल्ली, महाराष्ट्र, रूद्रपुर और हल्द्वानी के 29 यात्री

उत्तरकाशी(उद संवाददाता)। गंगोत्री हाईवे पर चारधाम यात्रा पर गये यात्रियों की बस गंगनानी के पास 20 मीटर गहरी खाई में गिरकर पेड़ से जा अटकी। दर्दनाक सड़क हादसे में तीन महिलाओं की मौत हो गई। उक्त यात्री बस में वाहन चालक व परिचालक सहित कुल 29 (12 महिला 45 पुरुष/02 बालिका) लोग सवार थे। जिसमें 14 लोग सामान्य घायल तथा 12 लोग गम्भीर घायल हुये है। हादसे में मृतक श्रीमती दीपा तिवारी उम्र 55 वर्ष, निवासी रूद्रपुर बतायी जा रही है जबकि दूसरी महिला नीमा कैड़ा कौशल्या इनक्लेव रूद्रपुर की है। घायलों को उपचारूं हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भटवाडी में लाया है। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भटवाडी में घायलों का प्राथमिक उपचार के पश्चात सभी घायलों को जिला चिकित्सालय उत्तरकाशी में लाया गया है। जिला चिकित्सालय में कुल 12 गम्भीर घायलों का प्राथमिक उपचार के पश्चात हायर सेन्टर एम्स ऋषिकेष / दून अस्पताल दून में रैफर किया गया। मृतक के शवों को जिला: चिकित्सालय मॉर्चरी में रखा गया है। पुलिस द्वारा मृतक का पंचायतनामा / पोस्टमार्टम आदि अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।पुलिस के अनुसार वाहन यूके 06 पीए 1218(बस) गंगोत्री धाम से वापस उत्तरकाशी की ओर आते समय स्थान गंगानानी के पास अचानक अनियंत्रित होकर सड़क से 15-20 मीटर नीचे गिरने से दुर्घटनाग्रस्त हुई है। हादसा मंगलवार रात 9:15 बजे हुआ। बस गंगोत्री धाम से उत्तरकाशी लौट रही थी। बताया जा रहा है कि बस में सवार सभी यात्री दिल्ली, महाराष्ट्र, रूद्रपुर और हल्द्वानी के हैं। हादसे की सूचना पर पुलिस, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, वन, फायर, आपदा प्रबंधन क्यूआरटी व राजस्व विभाग की टीम घटनास्थल पर पहुंची। टीमों ने कड़ी मशक्कत कर यात्रियों को निकाला। एसपी अर्पण यदुवंशी ने बताया कि दीपा (55) निवासी हल्दूचौड़, हल्द्वानी की मौके पर ही मौत हो चुकी थी, जबकि दो अन्य महिलाओं ने जिला अस्पताल में उपचार



के दौरान दम तोड़ दिया।वहीं, चालक विजय कुमार के अलावा लीलाधर पांडे, रमेश चंद्र तिवारी, उनकी पत्नी गीता और दीपा पांगती (सभी निवासी हल्द्वानी) को एम्स ऋषिकेश रेफर किया गया है। बस में सवार सभी यात्री दिल्ली, महाराष्ट्र और हल्द्वानी के हैं। वहीं डीएम मेहरबान सिंह बिष्ट ने जिला अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल जाना है। घायल : 1- श्री संजय रस्तोगी पुत्र श्री महेश चन्द रस्तोगी, उम्र 57 वर्ष, निवासी बरेली। 2 श्रीमती सध्या रस्तोगी पत्नी श्री संजय रस्तोग, उम्र 44 वर्ष, निवासी- बरेली।3- श्री महेशचन्द्र पुत्र श्री हरीदत्त, उम्र 65 वर्ष, निवासी रूद्रपुर।4- श्री लीलाधर पाण्डे पुत्र श्री उम्र 56 वर्ष, निवासी हल्द्ववानी। (पुरुष) 5 श्रीमती ऊषा जोशी पत्नी श्री नवीन जोशी, उम्र 50 वर्ष, निवासी हल्द्वानी। 6- श्री दीपा पत्नी हरीश, उम्र 55 वर्ष, निवासी रूद्रपुर। (महिला) 7- श्री महेन्द्र सिहपुत्र श्री भवानसिंह उम्र 65 वर्ष, निवासी हल्द्ववानी। (पुरुष) 8- श्रीमती रेखा रस्तोगी पत्नी श्री विनोद रस्तोगी, उम्र 50 वर्ष, निवासी बरेली। (गहिला) 9- श्री विनोद रस्तोगी पुत्र श्री अनुमान प्रसाद रस्तोगी, उम्र 55 वर्ष, निवासी बरेली। 10- श्री भूपेन्द्र सिंह रावत पुत्र श्री ध्यानसिंह, उम्र 42 वर्ष, निवासी रूद्रपुर (पुरुष) 11- प्रज्ञा रावत पुत्री श्री भूपेन्द्र रावत, उम्र 08 वर्ष, निवासी रूद्रपुर। (बालिका) 12- श्रीमती कल्पनी रावत पत्नी श्री भूपेन्द्र रावत, उम्र 42 वर्ष, निवासी रूद्रपुर। 13- श्रीमती पदमा भाकुनी पत्नी श्री केलाश भाकुनी, उम्र 70 वर्ष, निवासी रुद्रपुर। 14- अकिता बिष्ट पुत्री श्री स्व० राजेन्द्र सिंह, उम्र 14 वर्ष, निवासी रूद्रपुर। 15- श्रीमती लता बिष्ट पत्नी श्री राजेन्द्र सिंह, उम्र 38 वर्ष, निवासी रूद्रपुरंश (महिला) 16 श्री ध्यानसिंह पुत्र श्री नामालूम: उम्र 69 वर्ष, निवासी अल्मोड़ा। (पुरुष) 17- श्री खष्टी कैडा पुत्र श्री गोविन्दसिह कैडा, उम्र 69 वर्ष, 18 श्री गोर मिस्त्री पुत्र श्री लक्ष्मीकान्त, उम्र 60 वर्ष, निवासी रूद्रपुर। (पुरूष) 19 श्रीमती बसन्ती देवी पत्नी श्री नामालूम, उम्र 74 वर्ष, निवासी रूद्रपुर (महिला) 20- श्री गीता तिवारी पत्नी श्री रमेशचन्द्र, उम्र 53 वर्ष, निवासी 21- श्री रमेशचन्द्र तिवारी पुत्र श्री नामालूम, उम्र 62 वर्ष, निवासी हल्द्वानी। (पुरुष) 22- श्री पूर्णचन्द कैडा पुत्र श्री नामालूम, उम्र 65 वर्ष, निवासी रूद्रपुर। गम्भीर, दून अस्पताल रेफर 23.श्री विजय कुमार पुत्र श्री वीरसिंह, उम्र 25 वर्ष, निवासी बुलंद शहर, उत्तरप्रदेश। (चालक) (पुरुष) गम्भीर घायल एम्स ऋषिकेश रेफर 24- श्री मोहनचन्द पाण्डे पुत्र श्री हरीदत्त पाण्डे, उम्र 52 वर्ष, निवासी-लालकुआ। (पुरूष) सामान्य जिला चिकित्सालय। 25- श्री अनुज पुत्र श्री मग्याराम, उम्र 27 वर्ष, निवासी मेरठ (परिचालक) सामान्य जिला चिकित्सालय 26-श्री नवीन पुत्र श्री रामदत्त जोशी, उम्र 54 वर्ष, निवासी बरेली।

# चारधाम यात्रा व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण करें उच्चाधिकारी: सीएम



देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को मुख्यमंत्री आवास में उच्चस्तरीय बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि चारधाम यात्रा व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने हेतु जिलाधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर उनका सहयोग करें। समय-समय पर उच्चाधिकारी यात्रा व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण करें। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि यात्रा प्राधिकरण बनाने के लिए कर्तव्य और दायित्व निर्धारित किए जाएं। इसमें प्रशासन, मंदिरों, ट्रासपोर्टर, टूर एजेंटों एवं अन्य संबंधित पक्षों के साथ बैठक की जाए। उन्होंने कहा कि यात्रा मार्गों पर 42 सीटर तक की बसों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। बैठक के दौरान गढ़वाल आयुक्त श्री विनय शंकर पाण्डेय ने कहा कि चारधाम यात्रा के लिए ऋषिकेश और हरिद्वार में श्रद्धालुओं का बैकलॉग खत्म हो गया है। जो भी श्रद्धालु आ रहे हैं, उनका पंजीकरण कर चारधाम यात्रा पर भेजा जा रहा है। पंजीकरण की संख्या अब सीमित नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन्वेस्टर समिट के दौरान जो निवेश प्रस्ताव मिले हैं, उनके क्रियान्वयन में तेजी लाई जाए। ऐसे निवेश प्रस्तावों को प्राथमिकता में रखा जाए जो राज्य की पारिस्थितिकियो के अनुकूल हों तथा स्थानीय लोगों को रोजगार से जोड़ने में सहायक हों। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन, टनकपुर-बागेश्वर रेल लाइन और दिल्ली-देहरादून एलीवेटेड रोड के अंतर्गत राज्य में टनल निर्माण में लगी कार्यदायी संस्थाओं के साथ बैठक बुलाई जाए और निर्माण कार्यों में तेजी लाई जाए। बेतालखाट, नैनीताल में पिकअप पलटने पर घायलों द्वारा 108 को कॉल करने पर फोन न उठने की खबर का संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री ने सचिव स्वास्थ्य को मामले की जांच के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि यह खबर सही है तो इसके लिए जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए।

# केदारनाथ धाम पहुंचने वाले तीर्थयात्रियों का आकड़ा एक महिने में 7.66 लाख पार

रूद्रप्रयाग। भगवान आशुतोष के द्वादश ज्योतिर्लिंग में एक केदारनाथ की यात्रा को एक महीना हो गया है। कपाट खुलने वाले दिन से ही यात्रा नए आयाम स्थापित करते आ रही है। बीते एक महीने में धाम में 7,66,818 श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं, जो यात्रा के इतिहास में नया रिकार्ड है। पूरे माह औसतन प्रतिदिन 25 हजार से अधिक श्रद्धालु धाम पहुंचे हैं। एक दिन में 21 मई को सर्वाधिक 38,682 श्रद्धालु धाम में दर्शन के लिए पहुंचे थे। 10 मई से शुरू हुई केदारनाथ यात्रा में इस बार उम्मीद से कई अधिक श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। भले ही बीते कुछ दिनों से यात्रा की रफ्तार धीमी हुई है लेकिन, कपाट खुलने के बाद से पहले पखवाड़े में श्रद्धा, भक्ति और आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। यात्रा की रफ्तार से जो रिकॉर्ड बनने शुरू हुए, वह अब भी जारी है। कपाट खुलने के दिन धाम में 29,030 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए, जो बाबा केदार की यात्रा में नया अध्याय है। इससे पूर्व वर्ष 2022 में 25 हजार से अधिक और 2023 में 23516 शिव भक्तों ने कपाट खुलने पर



बाबा केदार के दर्शन किए थे। कपाट खुलने के बाद चौथे दिन 13 मई को ही दर्शनार्थियों का आंकड़ा 1 लाख के पार हो गया था। जबकि आठवें दिन दर्शनार्थियों का आंकड़ा 2 लाख, 12वें दिन 3 लाख पार हो गया था। कपाट खुलने के बाद से 9 जून तक 31 दिन की यात्रा में धाम में 7,66,818 श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। इस वर्ष कपाट खुलने के बाद दूसरे सप्ताह में प्रतिदिन 30 हजार से अधिक श्रद्धालु धाम पहुंचे, जिस कारण प्रशासन, पुलिस और श्रीबदरीनाथ- केदारनाथ मंदिर समिति को खासी मशक्कत करनी पड़ी। कोरोनाकाल के बाद इस वर्ष केदारनाथ में भगवान केदारनाथ के बाल भोग का समय बदला गया। बाबा केदार को दोपहर 12 बजे बाल भोग लगाया जा रहा है। जबकि दोपहर बाद एक बजे से बाबा केदार के शृंगार दर्शन हो रहे हैं, जिसमें श्रद्धालुओं को सभामंडप से दर्शन कराए जा रहे हैं। ऐसे में जहां श्रीबदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति को भीड़ प्रबंधन में मदद मिल रही है। वहीं, ज्यादा से ज्यादा श्रद्धालु भी धाम पहुंचकर दर्शन कर रहे हैं।

# उत्तराखंड में निकायों के चुनाव पर सांविधानिक संकट

## हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को नोटिस जारी कर मांगी रिपोर्ट

नैनीताल(उद संवाददाता)। नैनीताल हाईकोर्ट ने कार्यकाल खत्म होने के बावजूद उत्तराखंड में नगर पालिका, नगर निगम व अन्य निकायों के चुनाव नहीं कराए जाने के मामले में दायर अवमानना याचिका पर सुनवाई की। कोर्ट ने राज्य सरकार को अनुपालन रिपोर्ट पेश करने के आदेश दिए हैं। याचिकाकर्ता ने अवमानना याचिका में सचिव आरके सुधांशु व नितिन भदौरिया को पक्षकार बनाया है। वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की एकलपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। नैनीताल निवासी राजीव लोचन साह ने हाईकोर्ट में अवमानना याचिका दायर कर कहा था कि राज्य सरकार ने कोर्ट के आदेश का पालन नहीं किया है। पूर्व में राज्य सरकार ने दो बार कोर्ट में अपना बयान देकर कहा था कि वह 2 जून 2024 तक निकायों का चुनाव करा लेगी परंतु अभी तक राज्य सरकार ने न तो चुनाव कराए और ना ही कोर्ट के आदेश का पालन किया। यह एक सांविधानिक संकट है। देश का संविधान इसकी अनुमति नहीं देता है। अगर किसी वजह से राज्य सरकार तय समय के भीतर चुनाव नहीं करा पाती है तो उस स्थिति में केवल छह माह के लिए प्रशासकों को नियुक्त करके प्रशासनिक कार्य करा सकती है, लेकिन राज्य सरकार ने चुनाव कराने के बजाय प्रशासकों का कार्यकाल और बढ़ा दिया जो माननीय उच्च न्यायालय के आदेश, देश के संविधान व राज्य सरकार के कोर्ट में दिए गए बयान के विरुद्ध है। याचिका में कहा गया कि निकायों का कार्यकाल दिसंबर में समाप्त हो गया है। फिर भी सरकार ने चुनाव कराने का कार्यक्रम घोषित नहीं किया उल्टा निकायों में अपने प्रशासक नियुक्त कर दिए।

# प्रदेश में उप चुनाव के संबंध में राजनीतिक दलों के साथ की बैठक

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बी.वी.आर.सी. पुरुषोत्तम ने प्रदेश की 2 विधानसभा सीटों में उप चुनाव के संबंध में राजनीतिक दलों के साथ बैठक की। उन्होंने सामान्य लोकसभा चुनाव-2024 के दौरान प्रदेश में शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न कराए जाने पर सभी राजनीतिक दलों का आभार व्यक्त किया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने उपचुनाव के दौरान भी शांतिपूर्ण चुनाव प्रक्रिया के लिए सभी राजनीतिक दलों से इसी प्रकार के सहयोग की अपेक्षा की। उन्होंने आदर्श आचार संहिता के संबंध में भी जानकारी दी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को संपूर्ण चुनाव प्रक्रिया की जानकारी देते हुए बताया कि निर्वाचन के दौरान मतदाता द्वारा पहचान हेतु फोटोयुक्त मतदाता पहचान पत्र के साथ ही 12 अन्य वैकल्पिक दस्तावेजों का प्रयोग भी किया जा सकता है। इस अवसर पर संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्रीमती नमामि बंसल, उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी सुश्री मुक्ता मिश्र, सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री मस्तु दास सहित सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा ने उपचुनाव को लेकर कांग्रेस नेताओं के साथ की वर्चुअल बैठक

देहरादून। उत्तराखंड कांग्रेस प्रभारी कुमारी शैलजा ने बदरीनाथ और मंगलौर सीट पर उपचुनाव की तैयारियों को लेकर फीडबैक लिया। उन्होंने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा को शीघ्र पैनल तैयार कर हाईकमान को भेजने के निर्देश दिए। साथ ही पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को दोनों सीटों पर जिम्मेदारी निभाने को कहा। मंगलवार को उपचुनाव को लेकर प्रदेश प्रभारी ने प्रदेश के पार्टी नेताओं संग वर्चुअल बैठक में निर्देश दिए। कहा, पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं को एकजुट और मजबूती के साथ उपचुनाव लड़ना है। बूथ स्तर चुनावी रणनीति बनाकर काम करना होगा। उन्होंने बदरीनाथ और मंगलौर विस में चुनाव प्रभारी नियुक्त कर वरिष्ठ नेताओं को जिम्मेदारी निभाने के के निर्देश दिए। उन्होंने कहा, देशभर में कांग्रेस के पक्ष में माहौल बन रहा है। उत्तराखंड की दोनों सीट जीतकर भाजपा को जवाब दिया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष माहरा ने प्रदेश प्रभारी को जानकारी दी कि वह बदरीनाथ विस के दौर पर हैं। पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर चुनावी रणनीति पर चर्चा की जा रही है। प्रत्येक बूथ पर प्रभारी नियुक्त किए जा रहे हैं। कहा, पार्टी एक दो दिन में एक पैनल बनाकर हाईकमान को भेजेगा। कहा, शीघ्र प्रत्याशी घोषित कर चुनाव प्रचार तेज किया जाएगा। उन्होंने कहा, कांग्रेस दोनों सीटों पर जीत हासिल करेगी।प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा ने बताया, चुनाव तैयारियों व रणनीति के लिए शीघ्र ही प्रदेश सह प्रभारी दीपिका पांडे को उत्तराखंड भेजा जाएगा। वर्चुअल बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल, विधायक भुवन कापड़ी, राष्ट्रीय सचिव काजी निजामुद्दीन, सह प्रभारी दीपिका पांडे और अमरजीत सिंह मौजूद रहे।

# बदरीनाथ और मंगलौर सीट के उम्मीदवारों के पैनल तैयार करेंगे भाजपा के पर्यवेक्षक

देहरादून। भाजपा ने बदरीनाथ और मंगलौर विधानसभा उपचुनाव के लिए पर्यवेक्षकों की अलग-अलग टीमें बना दी है। टीम विधानसभा क्षेत्र में पहुंच कर वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से बातचीत एवं ग्राउंड सर्वे के आधार पर पार्टी प्रत्याशियों के नामों पर शुरुआती चर्चा करेगी। प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने जानकारी देते बताया कि प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने मंगलौर विधानसभा के लिए प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी एवं राजपुर विधायक खजान दास को और बदरीनाथ सीट के लिए कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत एवं रुद्रप्रयाग विधायक भरत चौधरी को पर्यवेक्षक की जिम्मेदारी दी गई है। दोनों स्थानों पर यह दो-दो सदस्यीय टीम क्षेत्र के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों से उम्मीदवारों के नामों को लेकर चर्चा करेंगी। साथ ही ग्राउंड सर्वे रिपोर्ट को मद्देनजर रखते हुए सामाजिक एवं क्षेत्रीय समीकरणों को भी परखेगी। यह सब प्रत्याशी के पैनल तैयार करने से प्रक्रिया के प्रथम चरण के अनुसार की जाएगी।

# व्यापारियों ने उठाई बाहरी लोगों के सत्यापन की मांग

खटीमा (उद संवाददाता) ।मेला घाट रोड के व्यापारियों ने सुबह के समय दुकानों के सामने बाहर से आए बाहरी मजदूरों द्वारा जाम लगाए जाने एवं आने जाने वाले छात्र-छात्राओं एवं व्यापारियों के रास्ते में व्यवधान डालने की समस्या को लेकर भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी के माध्यम से एसएसपी को ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन में स्थानीय व्यापारियों ने कहा कि रोजगार के लिए उत्तर प्रदेश क्षेत्र से आने वाले मजदूरों का सत्यापन किया जाना बहुत जरूरी है। प्रतिदिन सैकड़ो की संख्या में मजदूर मेला घाट रोड की सड़कों पर एकत्रित होते हैं जिससे आने जाने वाले छात्र-छात्राओं को उनके वाहनों को बड़ी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। स्थानीय व्यापारी एवं स्थानीय जनता जो इस रास्ते से अपने व्यापार के सिलसिले में आते जाते हैं उनको जाम की स्थिति की वजह से अपने गंतव्य तक पहुंचने में बड़ी परेशानी होती है। साथ ही कुछ अपराधिक तत्व इन लोगों के बीच जाकर



महिलाओं के साथ छेड़छाड़ भी करते हैं एवं चोरी की घटनाओं को भी अंजाम देते हैं। न्यूरिया आदि स्थानों से आने वाले कुछ अपराधिक किस्म के तत्व मजदूरों की आड़ में गलत कामों को भी अंजाम दे रहे हैं। यहां मजदूरों के साथ घुलमिलकर नशे के कारोबार को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। नेपाल की सीमा से लगे होने के कारण मेला घाट मार्ग अपराधिक तत्वों की शरण स्थली बनता जा रहा है। जो आने वाले समय में अंतरराष्ट्रीय स्तर के अपराधियों का अड्डा भी बन सकता है। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी ने कहा कि जल्द ही पुलिस के सक्षम अधिकारियों से मिलकर व्यापारियों की समस्या का निराकरण कराया जाएगा। उनका प्रयास रहेगा कि प्रत्येक व्यक्ति का सत्यापन हो ताकि उत्तराखंड में बढ़ते अपराधों को रोका जा सके। ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से रामसहाय गुप्ता, सुमित भटनागर, रामकुमार, अनिल प्रजापति, विवेक गुप्ता, निलेश देवल ,दीपक सोनकर, करण कुमार यादव, रामचंद्र, महेश कुमार, रामानंद, अवधेश गुप्ता, राजकुमार पुनियानी, मनोज प्रजापति, रामजी डाबर आदि व्यापारी उपस्थित थे। साथ में भाजपा के नगर महामंत्री मनोज बाधवा ,पूर्व प्रदेश नगर मंडल अध्यक्ष संतोष अग्रवाल उपस्थित थे।

क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभवः-
पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री-पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी
डी 1 डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

# आतंकी हमले के खिलाफ किया प्रदर्शन

गदरपुर (उद संवाददाता)। धारा 370 हटने के बाद भी जम्मू कश्मीर में हिंदुओं की हत्याऐं बदस्तूर जारी है। गत



रविवार हिंदू बाहुल्य जम्मू संभाग के रियासी जिले में 10 हिंदू श्रद्धालुओं की आतंकवादियो द्वारा नृशंस हत्या पर एकम सनातन भारत दल कार्यकर्ताओं व हिंदू समाज के लोगों ने मुख्य बाजार में प्रदर्शन कर जम्मू कश्मीर को सेना के हाथो सौंपने की मांग की। ब्लॉक अध्यक्ष गोपाल कश्यप,जिलाध्यक्ष हरचरण चन्ना के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ताओं ने मुख्य बाजार में नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया।प्रदेश अध्यक्ष डा.आर के महाजन ने कहा कि धारा 370 के हटने के बाद भी हिंदू लगातार आतंकवादियों द्वारा मारे जा रहे है। गत 1 वर्ष में कई सेना के जवान भी आतंकवादियो द्वारा मारे जा चुके है। गत रविवार को आतंकवादियो ने जम्मू के रियासी जिले में हिंदू तीर्थ यात्रियों को निशाना बनाकर 10 हिंदुओं की हत्या कर दी। बस का ड्राइवर आतंकवादियों की गोली लगने से बस पर नियंत्रण खो बैठा और 200 फिट गहरी खाई में गिर गई। आतंकवादियों की हिम्मत इतनी थी कि वह खाई में गिरी बस पर 20 मिनट तक गोली चलाते रहे। आतंकवादियों ने मासूम बच्चों को भी नही छोड़ा। डा. महाजन ने कहा कि जब तक जम्मू कश्मीर को सेना के हवाले नही करेंगे तब तक हिंदुओं पर हमले होते रहेंगे। आखिर कितने मासूमों की बलि और ली जायेगी।इस अवसर पर डा,आर के महाजन,हरचरण चन्ना,गोपाल कश्यप, कुंवर सिंह,राजेंद्र मौर्य, तेजरतन कश्यप, सोनू सैनी,डा सैनी,अमित ढींगरा, अमित बत्रा, राजकुमार,मुकेश चौधरी, रमेश कंबोज,जगदीश कंबोज शामिल रहे।

# एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेल ने स्पा सेन्टरों में किया औचक निरीक्षण

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एण्टी ह्यूमैन ट्रैफिकंग फोर्स प्रभारी उनि मंजू ज्याला के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा स्पा सेन्टरों मे दबिश व चौकिंग की गई। जिनमें अनियमितता पाए जाने पर कई स्पा सेंटरों के पुलिस एक्ट में चालान किए गए। चौकिंग के दौरान दुर्गा



सिटी सेंटर में स्थित द गोल्डन स्पा सेंटर, रिलैक्स स्पा सेंटर, द योर स्पा सेंटर में कस्टमर रजिस्टर में कस्टमर का पूर्ण विवरण अंकित ना होना, ग्राहक की आईडी ना लेना तथा वर्करों का सत्यापन ना करने संबंधी अनियमिताएं पाई गई, उक्त तीनों स्पा सेंटरों के धारा 52(3)83 पुलिस एक्ट में दस दस हजार रूपए का कोर्ट चालान किया गया।

# निर्वाचक नामावलियों के विस्तृत पुनरीक्षण हेतु समय सारणी निर्धारित

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी पंचस्थानि उदयराज सिंह ने बताया कि नगर पालिका परिषद-बाजपुर की निर्वाचक नामावलियों (मतदाता सूचियों) के विस्तृत पुनरीक्षण हेतु राज्य निर्वाचन आयोग उत्तराखंड द्वारा समय सारणी निर्धारित की गई है ।जिलाधिकारी ने बताया कि 11 जून से 13 जून 2024 तक नगर निकायवार विस्तृत पुनरीक्षण हेतु संगणकों, पर्यवेक्षकों तथा सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों आदि की नियुक्ति तथा कार्य क्षेत्र आवंटन एवं तद्संबंधी जानकारी प्राप्त करने का कार्य किया जायेगा तथा 14 जून 2024 को प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। इसी तरह 15 जून से 29 जून 2024 तक संगणक द्वारा घर-घर जाकर गणना और सर्वेक्षण किया जायेगा, 30 जून से 2 जुलाई 2024 प्रारूप नामावलियों की पांडुलिपि तैयार कि जायेगी। 3 जुलाई से 22 जुलाई 2024 तक प्रारूप निर्वाचक नामवालियों की डाटा एंट्री/फोटो स्टेट का कार्य किया जायेगा तथा 23 जुलाई 2024 निर्वाचक नामावलियों के आलेख का प्रकाशन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि 24 जुलाई से 30 जुलाई 2024 तक निर्वाचक नामावलियों के आलेख के निरीक्षण तथा दावे/आपत्ति दाखिल करने की अवधि होगी व 31 जुलाई से 2 अगस्त 2024 दावे तथा आपत्तियो का निस्तारण किया जायेगा । 3 अगस्त से 8 अगस्त 2024 तक पूरक सूचियां की डाटा एंट्री /फोटो स्टेट का कार्य किया जायेगा एवं 9 अगस्त 2024 को निर्वाचन नामावलियों का जन सामान्य के लिए अंतिम प्रकाशन किया जायेगा। जिलाधिकारी ने बताया कि प्रदेशिक निर्वाचन क्षेत्रों के उन सभी व्यक्तियों के नाम निर्वाचक नामावलियों में सम्मिलित किये जायेंगे जो कि 01 जनवरी 2024 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके है।

# खिमानंद जोशी का किया स्वागत

गदरपुर( उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा के कार्यालय पर लोकसभा चुनाव के लिए विधानसभा गदरपुर हेतु आये भारतीय जनता पार्टी के विस्तारक खिमानंद जोशी का जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने स्वागत कर उनका आभार प्रकट किया गया।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने आभार प्रकट करते हुए कहा कि विधानसभा गदरपुर में हुई जीत का श्रेय केंद्रीय एवं प्रदेश सरकार की नीतियों के साथ-साथ



भारतीय जनता पार्टी की कार्यशैली को भी जाता है। और विधानसभा गदरपुर से मिली इस प्रचंड जीत हेतु सभी देवतुल्य कार्यकर्ताओं को भी शुभकामना देता हूं। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना एवं महेंद्र कालरा,नरेश हुड़िआ, मिन्नी गुंबर,सुभाष गुंबर, मनोज गुंबर,आशीष कुमार,अनिल जेटली ,अभिषेक वर्मा,पूनम ग्रोवर,जसवीर चीमा,कपिल कुमार,चिंतन अरोड़ा, राजकुमार मिगलानी ,किशन गुप्ता ,आकाश कोचर,कुनाल रस्तोगी,सतीश छावड़ा,निर्मल नारंग,मनोज शर्मा,रविंद्र सिंह,पंकज सेतिया,हरीश रलहन,अमित, हैप्पी चंद्रा,मनजीत,अशोक छावड़ा,संदीप कंबोज,त्रिलोक कंबोज,सूर्यभान गुप्ता, हरलोक नामधारी ,कुलदीप कम्बोज सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# देवर ने भाभी के पेट में कैंची मार कर किया घायल

गदरपुर( उद संवाददाता) । देवर का भाभी से किसी बात को लेकर विवाद होने पर गुस्साए देवर ने भाभी के पेट में कैंची मार कर बुरी तरह घायल कर दिया और फरार हो गया।। जानकारी के अनुसार ग्राम चकरपुर निवासी बीना का मंगलवार प्रातः अपने देवर हरीश के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया इससे गुस्से में आकर हरीश ने भाभी बीना के पेट में कैंची मार दी। कैंची मारने के बाद हरीश घर से फरार हो गया। बीना के पति पंकज और अन्य परिजन उन्हें इलाज के लिए सीएचसी ले गए चिकित्सकों ने इलाज के बाद बीना की हालत में सुधार होने पर उसे घर भेज दिया । पंकज ने अपने भाई हरीश के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर करवाई की मांग की है। पंकज का कहना है कि हरीश पूर्व में भी दो बार बीना पर जानलेवा हमला कर चुका है ऐसे में उसकी जान को खतरा बना हुआ है। पुलिस ने जांच के बाद कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

# नाबालिग को वाहन देना पड़ा महंगा, 25 हजार का चालान

बागेश्वर। सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए पुलिस पहले से अधिक सख्त हो गई है। नाबालिग वाहन चालकों व शराब के नशे में वाहन चलाने, यातायात नियमों का पालन न करने वाले चालकों के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान में खतरनाक तरीके से वाहन चलाने पर कोतवाली पुलिस ने स्कूटी संख्या यूके-02-बी-1653 को रोका गया। चेक करने पर वाहन चालक मात्र 15 वर्ष का था, जिस पर वाहन स्वामी अजय कुमार निवासी जिला रामपुर हाल निवासी स्टेशन रोड बागेश्वर को बुलाया। नाबालिग को वाहन स्वामी के सुपुर्द किया गया। वाहन स्वामी का नाबालिग को वाहन देने पर 25000 रूपये का चालान कर स्कूटी को सीज किया गया।

# छात्रों को दी औषधीय पौधों की जानकारी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जनता इण्टर कॉलेज में पर्यावरण सप्ताह मानाया गया। जिसके अन्तिम दिवस पर



सहायक अध्यापक वीरेन्द्र जोशी द्वारा छात्र-छात्राओं को औषधीय पौधों- नीम, गिलोय, तुलसी, दालचीनी, एलोवेरा, कड़ी पत्ता आदि के बारे में जानकारी प्रदान की गयी और बताया कि स्वास्थ्य एवं जीवन के लिए ये सभी पौधे अमृत के समान है। कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. सतीश कुमार ने पर्यावरण सप्ताह के समापन की घोषणा की और छात्र-छात्राओं सम्बोधित करते हुए सुपर फूड की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्राकृति ने हमें एसे अनेक पौधे दिये है जो हमारे दैनिक जीवन में उपयोग करने से शरीर स्वस्थ रहता है साथ ही यह भी जानकारी दी कि कुछ औषधीय पौधे जैसे हल्दी, लहसुन, सैजना, गिलोय आदि मनुष्य में रोगो से लडनें की प्रतिरोधक क्षमता को बढाते है। इसलिए हमें छायादार, फलदार वृक्षों के साथ-साथ ऐसे पौधे भी लगाने चाहिए जो हमारे शरीर को बीमारियों से लडने की क्षमता देते हैं। यदि जीवन बचाना है तो हमें हर हाल में वृक्ष लगाने होंगे और उन्हें बचाना भी होगा। इस अवसर पर अर्जुन सिंह, उत्तम कुमार अधिकारी, अमित कपूर, विरेन्द्र जोशी, संजीत चक्रवर्ती, देवरथ वर्मा, अनिल कन्नौजिया, गोविन्द, जीतेन्द्र, तजेन्द्र सिंह, अमित, देवेन्द्र पटेल, निधि, वर्षा, माया राज, रेनू, गीता उराव, ज्योति सिंह, कल्पना, हर्षित, सबीना, ममता, आदि अध्यापक- अध्यापिकाएं उपस्थित रहे।

# बाल श्रम के खिलाफ श्रम विभाग ने चलाया अभियान

रामनगर (उद संवाददाता)।18 साल से कम उम्र के बच्चों से काम एवं मजदूरी करना श्रम कानून का उल्लघंन है तथा बाल श्रम रोकने को लेकर लगातार सरकार द्वारा जागरूकता अभियान चलाए जाते हैं। सभी लोगों से यह भी अपील की जाती है कि बच्चों से मजदूरी न कर कर उन्हें शिक्षा की ओर अग्रसर करें लेकिन उसके बावजूद भी लगातार बाल श्रम का खुलेआम उल्लंघन किया जा रहा है तथा बच्चों से कारखानों व दुकानों में मजदूरी करा कर उनका शोषण किया जा रहा है। बाल श्रम रोकने तथा नियमों का पालन करने को लेकर मंगलवार को रामनगर में श्रम प्रवर्तन अधिकारी पूरन राम सेल के नेतृत्व में रामनगर के विभिन्न इलाकों में बाल श्रम का उल्लंघन करने वाले लोगों के खिलाफ अभियान चलाया गया अभियान की सूचना लगने पर कई लोगों की दुकानों पर काम कर रहे बच्चों को टीम के आने से पहले ही मौके से भगा दिया गया । इस संबंध में जानकारी देते हुए श्रम प्रवर्तन अधिकारी पूरन राम सेल ने



बताया कि बाल श्रम रोकने को लेकर लगातार अभियान चलाया जाता है तथा पूर्व में भी विभाग द्वारा कई दुकान स्वामियों एवं कारखाना स्वामियों को नोटिस देकर बाल श्रम के नियमों का पालन करने की हिदायत दी गई थी उन्होंने बताया कि आज चलाए गए। अभियान के तहत तीन नाबालिक बच्चे दुकानों पर काम करते हुए पाए गए उन्होंने बताया कि इस मामले में संबंधित दुकान स्वामी का संबंधित धाराओं के तहत चालान करने की कार्रवाई की गई है तथा बाल मजदूरी करते पकड़े गए नाबालिक बच्चों की काउंसलिंग के बाद उन्हें परिजनों के सुपुर्द करने किये गये है।

# पर्यावरण संरक्षण का मंत्र दे गयीं गीता धामी

## सेवा संकल्प फाउंडेशन ने लोहाघाट में जन जागरूकता अभियान का किया समापन




-नरेश जोशी-

चंपावत। देवभूमि उत्तराखंड में सामाजिक सेवा से जुड़े मामलों को लेकर तेजी से आगे बढ़ रही सेवा संकल्प फाउंडेशन इन दिनों पर्यावरण संरक्षण पर काम कर रही है। वन संरक्षण एवं पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करने जनपद चंपावत में निकली सेवा संकल्प फाउंडेशन ने आज लोहाघाट में इस जन जागरूकता अभियान का समापन किया। पर्यावरण को लेकर प्रकृति के साथ अनावश्यक छेड़छाड़ ही मानव जीवन के लिए बेहद घातक साबित हो रही है। दिनों दिन पर्यावरण की अनदेखी कहीं मानव जीवन के लिए अभिशाप ना बन जाए। इसको लेकर देश में तमाम सामाजिक संस्थाएं पर्यावरण संरक्षण को लेकर काम कर रही हैं। यहां बता दें कि उत्तराखंड में एक सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में उभर कर सामने आई सीएम पुष्कर सिंह धामी की पत्नी गीता धामी के दिशा निर्देश पर काम कर रही सेवा संकल्प फाउंडेशन समय-समय पर सामाजिक कार्यों में अपना महत्वपूर्ण योगदान देती रहती है। बता दें कि सेवा संकल्प फाउंडेशन का मुख्य मकसद निर्धन परिवारों की मदद करने के साथ-साथ पर्यावरण को संरक्षण देना भी है। इन दिनों पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करने के मकसद से सेवा संकल्प फाउंडेशन की टीम के साथ जनपद चंपावत में भ्रमण पर निकली गीता धामी ने सर्वप्रथम बनबसा, टनकपुर चंपावत के बाद लोहाघाट में इस जन जागरूकता अभियान का समापन कर दिया। पर्यावरण संरक्षण को लेकर एक मुहिम के साथ जनपद चंपावत भ्रमण पर निकली सेवा संकल्प फाउंडेशन सेवा भाव पूरी ईमानदारी के साथ देखा गया। पर्यावरण संरक्षण अभियान के प्रथम दिन बनबसा के चंद फॉर्म क्षेत्र में स्कूली बच्चों, क्रिकेट प्रेमियों के साथ- साथ पूर्व सैनिकों ने भी इस कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर अपनी भागीदारी निभाई। कार्यक्रम में बोलते हुए गीता धामी ने कहा कि मानव समाज के प्रति हम सब की जिम्मेदारी बनती है कि हम पर्यावरण को संरक्षण देने का काम करें उन्होंने कहा कि आज वृक्षारोपण बेहद जरूरी हो गया है । गीता धामी ने अनुरोध करते हुए कहा कि वृक्षारोपण के बाद उनकी देखभाल करना भी हम सब की सबसे पहली जिम्मेदारी बनती है। उनका कहना था कि अगर पौधारोपण के बाद पौधों की देखभाल नहीं की गई तो यह सिर्फ कोरा साबित होगा। इसके बाद टनकपुर के थॉलखेड़ा और ककराली गेट पर भी क्रिकेट प्रीमियर एवं स्कूली बच्चों के साथ वह वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया। यहां भी तमाम महिला सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं ने और स्कूली बच्चों ने बढ़ चढ़कर अपनी भागीदारी निभाई। इसके बाद चंपावत फिर लोहाघाट में इसको अंतिम रूप दिया गया।







### जागरूकता अभियान में स्कूली बच्चों और पूर्व सैनिकों ने भी बढ़ चढ़कर अपनी भूमिका निभाई

चंपावत। पर्यावरण जागरूकता अभियान को नेताओं और सियासत से काफी दूर रखा गया। इस जन जागरूकता अभियान में विशेष कर स्कूली बच्चों खिलाड़ियों और पूर्व सैनिकों ने बढ़ चढ़कर अपनी भूमिका निभाई । गौरतलब है कि चंपावत विधानसभा क्षेत्र मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का विधानसभा क्षेत्र है जिसके चलते भारतीय जनता पार्टी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से जुड़े लोग तमाम प्रकार के कार्यक्रमों में शिरकत करने पहुंच जाते हैं। सेवा संकल्प फाउंडेशन क्योंकि एक सामाजिक संगठन है लिहाजा पूर्व में ही यह जानकारी दे दी गई थी कि पर्यावरण संरक्षण को लेकर चलाए जा रहे इस जागरूकता अभियान को सियासत को दूर रखा जाएगा। बावजूद इसके कुछ नेता कार्यक्रम में पहुंचे भी थे किंतु उनको कार्यक्रम से दूर रखा गया। यहां बता दें कि समाजसेवी गीता धामी की सेवा संकल्प फाउंडेशन सामाजिक समस्याओं से जुड़े तमाम मामलों पर काम करती है निर्धन परिवारों की मदद करने के साथ-साथ यह सामाजिक संस्था पशु और पर्यावरण संरक्षण पर भी काम कर रही है। जानकारी मिली है कि संकल्प सेवा फाउंडेशन कुपोषित बच्चों और शिक्षा साक्षरता पर भी काम करने पर जोर देती है। समाजसेवी गीता धामी ने कहा कि हम सब का कर्तव्य बनता है कि हम समाज से जुड़े कामों में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।

### सेवा संकल्प फाउंडेशन के साथ जुड़कर पर्यावरण संरक्षण से सामाजिक कर्तव्यों को पूरा करें क्षेत्रवासी

चंपावत। सेवा संकल्प फाउंडेशन द्वारा आयोजित पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम में बोलते हुए समाजसेवी गीता धामी ने कहा कि आज पहाड़ के लिए सबसे बड़ा चिंता का विषय वनों में आग लग जाना है। उन्होंने कहा कि हम सब की यह जिम्मेदारी बनती है कि वनों को आग लगने से बचाया जाए। श्रीमती धामी ने कहा कि हर वर्ष वनों में आग लगने से पहाड़ी क्षेत्रों में हरे भरे वृक्षों को बड़े पैमाने पर नुकसान होता है जो चिंता का विषय है। श्रीमती धामी का कहना था कि सरकार की तमाम कोशिशें को बावजूद भी वनों पर आग लग जाना गंभीर विषय है उन्होंने कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों में पलायन को रोकना होगा। जब पर्वतीय क्षेत्रों में आबादी होगी तो वनों की रक्षा भी होगी उनका कहना था कि खासकर युवाओं को ईश्वर ध्यान देना होगा कि वनों को आग से कैसे रोका जाए । उनका कहना था कि सेवा संकल्प फाउंडेशन वनों को संरक्षण देने के लिए हर सूरत पर आगे रहेगी। उन्होंने मौजूद आम जनता से अनुरोध किया कि वह पर्यावरण संरक्षण को लेकर आगे आए और अपने सामाजिक कर्तव्यों को पूरा करें। यहां बता दें कि पर्यावरण संरक्षण अभियान के तहत बनबसा टनकपुर चंपावत और लोहाघाट में पर्यावरण जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जागरूकता अभियान 9 जून दिन रविवार बनबसा 10 जून दिन सोमवार टनकपुर 11 जून दिन मंगलवार चंपावत 12 जून दिन बुधवार लोहाघाट में चलाया गया।

## कांग्रेसजनों ने फूंका भाजपा सरकार का पुतला

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नीट परीक्षा में धांधली सहित टोल टैक्स और दूध के दामों में वृद्धि के विरोध में कांग्रेसजनों ने जोरदार नारेबाजी के साथ भाजपा सरकार का पुतला फूंका। डॉक्टरी की पढ़ाई के लिए होने वाली प्रवेश परीक्षा नीट के परीक्षाफल में बड़े पैमाने पर हो रही गड़बड़ियों की सीबीआई जांच की मांग और टोल टैक्स व दूध के दमों में वृद्धि सहित अन्य ज्वलंत मुद्दों को लेकर कांग्रेस ने बुद्ध पार्क में जोरदार धरना प्रदर्शन कर डबल इंजन भाजपा सरकार को चेताने हेतु पुतला दहन किया। विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि नीट परीक्षा में भारी अनियमितताओं के साथ अपनों को रेवड़ी बांटने तथा चहेतों को लाभ पहुंचाने का जो खेल चल रहा है उसके खिलाफ व प्रदेश के युवाओं के भविष्य की रक्षा के लिए कांग्रेस पार्टी सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष जारी रखेगी। प्रधानमंत्री को नीट परीक्षाफल धांधली प्रकरण में तत्काल सीबीआई जांच करवानी चाहिये। महानगर अध्यक्ष एडवोकेट गोविंद सिंह बिष्ट ने कहा कि नीट जैसी महत्वपूर्ण परीक्षा में धांधली से हम सब भारतीयों का सर शर्म से झुक गया है। पेपरलीक होना और परीक्षाओं में धांधली होना केंद्र और प्रदेशो की भाजपा सरकारों की सबसे बड़ी उपलब्धि है।जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल ने कहा कि युवाओ के भविष्य के साथ खिलवाड़ करना भाजपा का शौक बन गया है। होनहार युवाओं के साथ अन्याय को कांग्रेस बर्दास्त नही करेगी।धरना प्रदर्शन व पुतला दहन कार्यक्रम मे शामिल सभी कांग्रेसियों ने एक स्वर में नीट परीक्षा धांधली की तुरंत सीबीआई जांच और टोल टैक्स वृद्धि सहित दूध के बढ़ते दामों को तुरंत वापस लेने की मांग की। इस दौरान हेमन्त बगड़वाल, नरेश अग्रवाल, मलय बिष्ट, मुकुल बलुटिया, योगेश जोशी, हेमन्त साहू, जाकिर हुसैन, मधु सांगूड़ी, कमला सनवाल, शोभा बिष्ट, राधा आर्य, मीमांशा आर्य, विमला सांगूड़ी, महेशानंद, विनोद कुमार, हेम जोशी, हरीश लाल वैध ,गोविंद सिंह बिष्ट, अशोक जोशी, अमित रावत, कोमल जायसवाल, हिमांशु जोशी, आशीष कुढाई, कमल मेहता, धर्मवीर, मनोज श्रीवास्तव, चंदन भाकुनी, शंकर कोहली, संजू उप्रेती आदि उपस्थित रहे।



## बिन्दुखत्ता शहीद स्मारक निर्माण को वन विभाग से मिली अनुमति

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। लालकुआं से देश के महानगरों के लिए बस सुविधा उपलब्ध कराने, बिंदुखत्ता में मिलिट्री कैंटीन के लिए जमीन उपलब्ध कराने सहित विभिन्न मांगों को लेकर भूतपूर्व सैनिक संगठन ने कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी से मुलाकात कर समस्याओं का निदान करने की मांग की। सूबे के कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी से बिंदुखत्ता की समस्याओं के निदान के लिए भूतपूर्व सैनिक संगठन के पदाधिकारी ने मांग की कि हल्द्वानी बस स्टेशन से देश के महानगरों को जाने वाली सभी रोडवेज की बसें लालकुआं में बस स्टॉप से ही आगे जायें, पूर्व सैनिक संगठन के पदाधिकारीयों ने कहा कि यह मांग वह लंबे समय से करते हुए आ रहे हैं परंतु आज तक इस पर कोई अमली जामा नहीं पहनाया गया है। कैबिनेट मंत्री ने परिवहन सचिव से इस विषय को गंभीरता से लेने के निर्देश दिए हैं। वही भूतपूर्व सैनिक संगठन के पदाधिकारी ने कहा कि जड़ सेक्टर के समीप एक बीघा जमीन उपलब्ध कराकर उसमें मिलिट्री कैंटीन व प्रशिक्षण भवन बनाने को लेकर लंबे समय से मांग कर रहे, जिस पर कार्यवाही तो लगभग हो चुकी है लेकिन अभी बादल पूर्ण रूप से छठे नहीं हैं जिस पर गणेश जोशी ने त्वरित कार्यवाही का आश्वासन दिया और संबंधित विभाग विभाग अधिकारियों से बातचीत कर उसे पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। शिष्टमंडल मंडल ने बिंदुखत्ता में विद्युत समस्या को लेकर विद्युत ट्रांसफार्मर की लोड क्षमता बढ़ाने की मांग पर मंत्री गणेश जोशी ने ऊर्जा सचिव से त्वरित उक्त मामले को संज्ञान में लाते हुए कार्यवाही करने के निर्देश दिए। शिष्टमंडल में भूतपूर्व सैनिक संगठन अध्यक्ष खिलाफ सिंह, कैप्टन प्रताप सिंह बिष्ट, चंचल सिंह कोरंगा, सुंदर सिंह खनका, नरसिंह रावत, दलबीर सिंह, प्रकाश मिश्रा, रणजीत सिंह गढ़िया, दिनेश देवराडी सहित दर्जनों पूर्व सैनिक संगठन के पदाधिकारी शामिल रहे।



# आपदा प्रबंधन की तैयारियां मानसून से पहले पूरी करें: सीएम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में आगामी मानसून की तैयारियों को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्य सचिव व प्रदेश के सभी जनपदों के जिलाधिकारियों के साथ बैठक ली। मुख्यमंत्री ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि 15 जून से पहले मानसून के दृष्टिगत सभी तैयारियां पूर्ण कर ली जाये। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले वर्षो में हुई मानसून आपदा का आकलन करते हुये ऐसे क्षेत्र जो क्षतिग्रस्त थे उन क्षेत्रों में अधिक ध्यान दिया जाए जिससे कि आपदा की पुनरावृत्ति न हो। उन्होने निर्देश दिये कि सभी विभाग 15 जून तक आपदा प्रबंधन के लिए नोडल अधिकारियों की तैनाती करना सुनिश्चत करें एवं सभी लोग सतर्क रहे। उन्होने कहा कि दैवीय आपदा को रोका नही जा सकता परन्तु उससे होने वाली क्षति को आपसी तालमेल से कम अवश्य किया जा सकता है। उन्होने कहा कि एसटीपी प्लांट और पुराने पुलों का सेफ्टी ऑडिट किया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि बिजली की तारों से कोई घटना घटित न हो। मानसून सीजन के दृष्टिगत मरीजों और गर्भवती महिलाओं के लिए आपातकालीन स्थिति में हेली एम्बुलेंस की व्यवस्था रखी जाए।उन्होंने निर्देश दिये कि यह सुनिश्चित किया जाए कि मौसम के पूर्वानुमान की सटीक जानकारी लोगों तक समय पर पहुंचे। मौसम के पूर्व चेतावनी के आधार पर लोगों को नियमित रूप से अलर्ट मोड पर रखें। उन्होंने कहा कि मौसम के पुर्वानुमान और जन जागरूकता से अतिवृष्टि और आपदा के प्रभाव को कम करने पर विशेष ध्यान दिया जाए। मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि जनपदों में ऐसे क्षेत्र जहां भू-स्खलन की समस्याएं रहती हैं, उन्हें चिन्हित कर जो भी आवश्यक व्यवस्थाएं करवाने की आवश्यकता है, समय पर की जाए। जिन क्षेत्रों में बरसाती नदी और



नाले उफान पर आते हैं, उनके लिए भी वैकल्पिक व्यवस्थाओं के लिए अभी से प्लान तैयार कर लिये जाएं। उन्होने जिलाधिकारियों से कहा कि मानसून के दृष्टिगत विभिन्न कार्यों के लिए शासन स्तर से जो धनराशि की आवश्यकता है, उसका यथाशीघ्र प्रस्ताव भेजा जाए। अतिवृष्टि के कारण फसलों को होने वाले नुकसान का तुरंत आकलन कर मानकों के अनुसार यथाशीघ्र क्षतिपूर्ति की व्यवस्था रखी जाए। मानसून के दृष्टिगत पर्वतीय जनपदों में आवश्यक दवाओं, खाद्य सामग्री एवं अन्य मूलभूत आवश्यकताओं से संबंधित सभी व्यवस्थाएं पर्याप्त मात्रा में रखी जाए। उन्होने कहा कि आपदा कि स्थिति में रिस्पांस टाइम कम से कम रखा जाए। मानसून अवधि में सभी जिलाधिकारी मौसम के पूर्वानुमान के अनुसार अपने जनपदों में विद्यार्थियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आवश्यकतानुसार छुट्टी की घोषणा करें, स्कूल जाने के पैदल मार्गों में नदी और नाले वाले स्थानों पर वैकल्पिक मार्ग तलाशे जाएं। मुख्यमंत्री ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि आपदा के दृष्टिगत त्वरित राहत एवं बचाव कार्य के लिए हेलीकॉप्टर की व्यवस्था रखी जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा प्रबंधन की दृष्टि से विभिन्न विभागों द्वारा शासन से जो धनराशि की मांग की जा रही है, वह धनराशि यथाशीघ्र संबंधित विभागों को दी जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि मानसून अवधि में सड़कें, विद्युत और पेयजल लाईन बाधित होने की स्थिति में उनकी सुचारू व्यवस्थाओं के लिए रिस्पांस टाईम कम से कम रखा जाए और वैकल्पिक व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की जाएं। जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने मा0 मुख्यमंत्री को आवगत कराया कि मानसून के दृष्टिगत सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गयी है। उन्होने बताया कि जिन क्षेत्रों में बाढ़/जलभराव से अधिक क्षति होती है उन क्षेत्रों में विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होने बताया कि जिन नदी व नालों में सिल्ट जमा है उनकी डिसिल्टिंग का कार्य अधिकांश स्थानों में किया जा चुका है तथा शेष स्थानों में भी जल्द ही डिसिल्टिंग का कार्य शीघ्र पूर्ण कर लिया जायेगा। बैठक में सीडीओ मनीष कुमार, डीएफओ यूसी तिवारी, अपर जिलाधिकारी अशोक कुमार जोशी, एसपी सिटी मनोजकत्याल, ओसी कलेक्ट्रेट कौस्तुभ मिश्र, उप नगर आयुक्त शिप्रा पाण्डे सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।

# बीस सूत्रीय रैंकिंग में उधम सिंह नगर अव्वल

## जनपद ने 33 मदों में से 30 मदों में ए श्रेणी हासिल की

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिला अधिकारी उदयराज सिंह के प्रयास एवं उनके अनुभव की बदौल जनपद उधम सिंह नगर ने विशेष उपलब्धि हासिल की है। जिलाधिकारी उदय राज सिंह के मार्गदर्शन में पूरे वर्ष की 20 सूत्रीय रैंकिंग में भारत सरकार द्वारा संचालित 32 कार्यक्रमों में जनपद उधमसिंह नगर ने लक्ष्य से अधिक लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ पहुंचाया। जिसके फलस्वरूप 2023 से 2024 वर्ष के 20 सूत्रीय रैंकिंग में उत्तराखंड में जनपद उधमसिंह नगर का प्रथम स्थान रहा। पहले स्थान पर रहे उधम सिंह नगर जनपद ने



33 मदों में से 30 मदों में ए श्रेणी हासिल की। बीस सूत्री कार्यक्रम एवं कार्यान्वियन अधिष्ठान द्वारा जारी रिपोर्ट के मुताबिक देहरादून दूसरे और बागेश्वर तीसरे स्थान पर रहे। रिपोर्ट के अनुसार अल्मोड़ा जनपद सबसे फिसड्डी रहा। मंडलों में कुमाऊ मण्डल 85.29 अंकों के साथ पहले स्थान पर रहा। जबकि गढ़वाल मण्डल दूसरे स्थान पर रहा। बता दें बीस सूत्रीय कार्यक्रम के तहत जिलाधिकारी के मार्गदर्शन में विकास उन्मुखी कार्य सभी अधिकारियों ने लोकसभा चुनाव की आचार संहिता के रहते भी पूर्ण मनोयोग से किया। जनपद उधम सिंह नगर को प्रथम स्थान मिलने पर जिलाअधिकारी उदय राज सिंह ने सभी को शुभकामनाएं दी है, और कहा है कि यह कार्य भविष्य में जारी रखेंगे।

# बीसीसीआई की टीम ने एमिनिटी क्रिकेट खेल मैदान का किया निरीक्षण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के सचिव महिमा वर्मा द्वारा प्रत्येक जिले में क्रिकेट को बढ़ावा देने खेल के मैदाने को सुविधायुक्त करने और आगामी बीसीसीआई के बोर्ड मैचों के आयोजन हेतु क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के आग्रह पर बीसीसीआई की एक टीम द्वारा एमिनिटी मदनलाल क्रिकेट अकादमी में खेल मैदान के निरीक्षण किया गया। टीम में पूर्व भारतीय खिलाड़ी और बीसीसीआई के ऑपरेशन मैनेजर अभय कुरबिला, बीसीसीआई हेड पिच क्यूरेटर आशीष भौमिक,सीएयू के सीईओ मोहित डोभाल, सीएयू के चीफ ऑपरेशन अमित पांडे,



सुनील चौहान,रवि कुमार के द्वारा एमिनिटी मदनलाल क्रिकेट अकादमी के खेल मैदान का निरीक्षण किया गया। यहां की उपलब्ध व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस अवसर पर क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उधम सिंह नगर के जिला अध्यक्ष अजय तिवारी ,सचिव नूर आलम, पूर्व भारतीय खिलाड़ी मदनलाल, एमिनिटी स्कूल के एमडी सुभाष अरोड़ा ,अमन तमाम खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

# मोदी के पुन: पीएम बनने और टम्टा को मंत्री बनाने पर खुशी व्यक्त

किच्छा(उद संवाददाता)।नरेंद्र मोदी द्वारा तीसरी बार प्रधानमंत्री की शपथ लेने व सांसद अजय भट्ट के एतिहासिक जीत एवं सांसद अजय टमटा को भारत सरकार में मंत्री बनने की खुशी में वार्ड 6 में भाजपाइयों ने जश्न मनाते हुए मिठाई बांटी। कार्यकर्ताओं ने तीसरी बार पीएम नरेंद्र मोदी व उनकी कैबिनेट की शपथ लेने पर खुशी का इजहार किया। आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि यह जनता के विश्वास की जीत है, आजाद भारत में पहली बार ऐसा हो रहा है कि कोई गैर कांग्रेसी प्रधानमन्त्री तीसरी बाद प्रधानमंत्री पद की शपथ ले रहा है। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि लोकसभा चुनाव में एनडीए की यह ऐतिहासिक विजय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों पर जनता जनार्दन के अटल विश्वास की जीत है, विकसित भारत का हमारा ध्येय लगातार तीसरे कार्यकाल में



नए आयाम प्राप्त करेगा। सेवा, सुशासन और विकास का संकल्प लेकर अंत्योदय का हमारा प्रण देश के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को सशक्त करने के साथ ही उनके आत्मविश्वास को नए पंख देगा। भारत की राजनीति अब नए युग में प्रवेश कर रही है, जहां देश की जनता ने जातिवाद, परिवारवाद और तुष्टीकरण को नकार कर विकासवाद और राष्ट्रवाद को चुना है। यह विजय भारत के जन-जन की विजय व पुनर्जागरण की विजय है। 1962 के बाद पहली बार कोई सरकार अपने दो कार्यकाल पूरे करने के बाद तीसरी बार वापस आई है।पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि विपक्ष द्वारा पूरे चुनाव यह भ्रम फैलाया गया कि सांसद अजय भट्ट जी द्वारा विकास कार्य नहीं किया गया है लेकिन जनता ने 3 लाख से अधिक के अंतर से अजय भट्ट जी को जीताकर यह साबित किया कि क्षेत्र का विकास भारतीय जनता पार्टी ही कर सकती है। प्रदेश व देश की डबल इंजन की सरकार के कार्यों पर जनता ने मोहर लगाकर प्रदेश की पांचो सीटें भाजपा की झोली में डालने का काम किया है।मंडल अध्यक्ष मनमोहन सक्सेना, कार्यक्रम संयोजक धनीराम, धर्मराज जायसवाल, महेंद्र पाल, संदीप अरोरा, भगवान दास वर्मा, अमरनाथ कश्यप, मंडल मंत्री पूरन भट, प्रकाश पंत, अनुसूचित मोर्चा अध्यक्ष राजेश कोली, विनोद कोली, महेंद्र पाल, मुकेश कोली, मूलचंद कोली, राकेश गुप्ता, अभिषेक सक्सेना, गोल्डी गोराया, सुरेंद्र चौधरी, हीरालाल प्रजापति, नंदलाल प्रजापति, भगत सिंह, जसवंत सिंह, मोहनलाल पूनम अग्रवाल, दया डसिला, आरती डूबे, ज्योति जरिया, शैल शुक्ला, अंजनी सोनी, बीना गंगवार समेत सैकड़ों कार्यकर्ता व वार्डवासी उपस्थित थे।

# विधायक अरोरा का किया स्वागत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।लोकसभा चुनाव में रूद्रपुर में विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट को भारी मतों से विजयी बनाने पर श्री खाटू श्याम मंदिर समिति ने विधायक शिव अरोरा का जोरदार स्वागत किया । इस दौरान समिति के पदाधिकारियों ने केन्द्र में पुन: प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की सरकार बनने पर बधाई दी। समिति के उपाध्यक्ष राजेश श्यामपुरिया ने कहा कि नैनीताल लोकसभा



क्षेत्र से अजय भट्ट की ऐतिहासिक जीत में विधायक शिव अरोरा का भी अहम योगदान रहा है। उन्होनें कहा कि रूद्रपुर विधानसभा क्षेत्र आज भाजपा का गढ़ बन चुका है। विधायक शिव अरोरा ने क्षेत्र में जो विकास कार्य कराये हैं उसका लाभ भाजपा को चुनाव में मिला है। इस मौके पर अध्यक्ष कैलाश अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेश श्यामपुरिया ,महामंत्री आनंद अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सुरेश मित्तल एवं सतीश जैन के अलावा समाजसेवी जसविंदर सिंह खरबंदा भी मौजूद थे।

# सांसद अजय भट्ट ने जाना घायलों का हाल

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद बनने के बाद दिल्ली से लौटे पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री अजय भट्ट ने सुशील तिवारी अस्पताल पहुंचकर विगत दिनों बेतालघाट और ओखल कांडा क्षेत्र में हुए मार्ग दुर्घटनाओं में घायलों का हाल चाल जाना।श्री भट्ट ने सुशीला तिवारी अस्पताल पहुंचकर विगत 9 जून को बेतालघाट में हुए सड़क हादसे में घायलों और पिछले सप्ताह ओखलकांडा क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में घायलो का हाल-चाल जाना तथा अस्पताल प्रशासन से प्राथमिकता के आधार पर सभी के उपचार करने के निर्देश दिए। साथ ही घायलों को उनके परिजनों से मुलाकात कर उनके जल्द स्वास्थ्य लाभ की कामना की। सांसद अजय भट्ट ने मुख्य मंत्री पुष्कर सिंह धामी को पत्र लिखकर विगत 9 जून को हुए बेतालघाट में वाहन



दुर्घटना में आकस्मिक मृत्यु को प्राप्त लोगों वह घायलों को आर्थिक सहायता दिए जाने का निवेदन किया है। श्री भट्ट ने बताया कि दूरभाष पर मुख्यमंत्री श्री धामी से उनकी वार्ता हुई जिसके बाद उन्होंने उन्हें पत्र के माध्यम से भी अवगत कराया है कि विगत 9 जून को बेतालघाट में हुए वाहन दुर्घटना में तीन लोगों की आकस्मिक मृत्यु हो गई है और 13 लोग घायल हो गए हैं श्री भट्ट ने मुख्यमंत्री श्री धामी से मृतकों के परिजनों को तीन-तीन लाख रुपये और घायलों को परिवारों को 50-50 हजार रुपए आर्थिक सहायता देने का निवेदन किया है। इस दौरान पूर्व जिला अध्यक्ष प्रदीप बिष्ट, मंडल अध्यक्ष प्रताप रैकवाल, राजेंद्र नेगी नंदन गोस्वामी, चंदू पंत, सहित कई कार्यकर्ता व पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे।

# पंजीकृत श्रम कार्ड धारकों को बांटी टूलकिट

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। आस्था पब्लिक स्कूल ट्रांजिट कैंप में उत्तराखंड भवन निर्माण व कर्मकार बोर्ड के अन्तर्गत पंजीकृत श्रम कार्ड धारकों को उत्तराखंड की पुष्कर धामी सरकार के निर्देश पर टूल किट वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा रहे। विधायक शिव अरोरा ने भवन निर्माण करने वाले राज मिस्त्री व मजदूरों को टूल किट वितरित की। इस दौरान 200 लोगों को टूल किट बाटीं गयी। इस दौरान विधायक शिव अरोरा ने कहा कि प्रदेश की धामी सरकार सभी वर्गो को ध्यान में रखते हुए राज्य हित में लगातार कार्य कर रही है। प्रदेश सरकार के सौजन्य से 2000 से अधिक लोगो को यह किट बाटी जानी है ओर आज जिसके पहले चरण की शुरुआत करते हुए 200 लोगों को किट बाटी गयी है,जिसमें उनकी



सुरक्षा व जरूरत संबंधित सभी प्रकार के उपकरण शामिल है किट में सेफ्टी शू, इमारतों पर चढ़ने हेतु सेफ्टी बेल्ट, व राज मिस्त्री व मजदूर के उपयोग मे आने वाले जरूरी उपकरण इत्यादि समान वाली टूलकिट दी गयी। विधायक शिव अरोरा ने कहा कि इससे पूर्व भी श्रम कार्ड धारकों को स्नेटरी पेड व कंबल छाता वितरित किया गया था, निश्चित रूप से धामी सरकार मजदूरों व कमजोर वर्ग को सशक्त बनने के लिये धरातल पर कार्य कर रही है। इस दौरान लेबर इंसपेक्टर बलराम सिंह, दर्जामंत्री उत्तम दत्ता, मंडल अध्यक्ष धीरेश गुप्ता, राधेश शर्मा, मनोज मदान, शंकर विश्वास, राजेंद्र राठौर, मदन दिवाकर, विजय डे आदिलोग मौजूद रहे।

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

### शैक्षणिक संस्थानों में दाखिले

विद्यार्थियों की सुविधा का ध्यान रखते हुए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने वर्ष में दो बार दाखिले की प्रक्रिया शुरू करने का नियम बना दिया है। इस तरह जो विद्यार्थी बोर्ड नतीजे देर से आने या किन्हीं स्वास्थ्य कारणों से प्रवेश प्रक्रिया में हिस्सा लेने से वंचित रह जाते हैं और उन्हें पूरे एक वर्ष तक इंतजार करना पड़ता है, उन्हें इस नियम से काफी सहूलियत हो जाएगी। यूजीसी ने सभी विश्वविद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों से कहा है कि वे जुलाई-अगस्त के अलावा जनवरी-फरवरी में भी प्रवेश प्रक्रिया शुरू करें। हालांकि यह नियम शैक्षणिक संस्थाओं के लिए बाध्य नहीं है। पर निस्संदेह इस नए नियम से बहुत सारे विद्यार्थियों को लाभ मिल सकता है। नतीजे देर से आने की वजह से बहुत सारे विद्यार्थी शैक्षणिक संस्थानों में नियमित दाखिला नहीं ले पाते और मजबूरी में उन्हें पत्राचार आदि पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेना पड़ता है। मगर यह नियम कितने शैक्षणिक संस्थानों के लिए व्यावहारिक होगा, देखने की बात है। दरअसल, अधिकतर विश्वविद्यालयों और उच्च शैक्षणिक संस्थानों का सत्र जुलाई-अगस्त से ही शुरू हो जाता है। उनमें से बहुत सारे संस्थानों में सेमेस्टर प्रणाली लागू है। उसी के मुताबिक पाठ्यक्रमों और परीक्षाओं का निर्धारण किया जाता है। इसलिए लगभग हर संस्थान की कोशिश होती है कि वह जुलाई-अगस्त में ही अपनी निर्धारित सीटों पर दाखिला ले ले। ऐसे में जनवरी-फरवरी में सीटें बची रहने की संभावना बहुत कम रहेगी। उन्हीं संस्थानों में सीटें खाली रह सकती हैं, जिनमें कुछ विद्यार्थी दाखिले के बाद संस्थान छोड़ कर चले गए हों। फिर, जनवरी-फरवरी में दाखिला देने के बाद संस्थानों के सामने अड़चन यह आएगी कि नए विद्यार्थियों को पिछले पांच-छह महीनों में पढ़ाए गए पाठ्यक्रम कैसे पढ़ाएं। पहले सेमेस्टर की उनकी परीक्षा कैसे लें। फिर, दाखिले की प्रक्रिया को सुविधाजनक बना देने भर से विद्यार्थियों को कितना लाभ मिलेगा, कहना मुश्किल है, क्योंकि सरकारी संस्थानों में विद्यार्थियों की बढ़ती संख्या के मुताबिक पर्याप्त सीटें नहीं हैं। जब तक सीटें नहीं बढ़ेंगी, नए संस्थान नहीं खुलेंगे, तब तक सामान्य आय वर्ग के विद्यार्थियों की मुश्किलें आसान नहीं होंगी। प्रवेश संबंधी नए नियमों का फायदा निजी संस्थानों को जरूर मिल सकेगा।

# मानसून सीजन से पूर्व एसटीपी प्लांट और पुराने पुलों का सेफ्टी ऑडिट करने के निर्देश

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को सचिवालय में आगामी मानसून की



तैयारियों की समीक्षा बैठक के दौरान समस्त अधिकारियों को 15 जून से पहले मानसून के दृष्टिगत सभी तैयारियां पूर्ण करने तथा सभी विभागों को 15 जून तक आपदा प्रबंधन के लिए नोडल अधिकारियों की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने एसटीपी प्लांट और पुराने पुलों का सेफ्टी ऑडिट करने, बिजली की तारों से सावधानी बरतने और स्वास्थ्य विभाग को मानसून सीजन के दृष्टिगत मरीजों और गर्भवती महिलाओं को चिन्हित कर उनके लिए आपातकालीन स्थिति में हेली एम्बुलेंस की व्यवस्था रखने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि अतिवृष्टि से पिछले सालों में क्या चुनौतियां सामने आई और किन-किन क्षेत्रों में अधिक आपदाएं आई एवं इस तरह की चुनौतियों का सामना करने के लिए शासन और जनपद स्तर पर क्या तैयारियां की गई हैं, इसका पूरा एक्शन प्लान प्रस्तुत किया जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि मौसम के पूर्वानुमान की सटीक जानकारी लोगों तक समय पर पहुंचे। पूर्व चेतावनी के आधार पर लोगों को नियमित रूप से अलर्ट मोड पर रखें। उन्होंने कहा कि मौसम के पुर्वानुमान और जन जागरूकता से अतिवृष्टि और आपदा के प्रभाव को कम करने पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी जनपदों में भू-स्खलन की समस्या वाले क्षेत्रों को चिन्हित कर वहां समय पर आवश्यक व्यवस्थाएं उपलब्ध की जाए। जिन क्षेत्रों में बरसाती नदी और नाले उफान पर आते हैं, उनके लिए भी वैकल्पिक व्यवस्थाओं के लिए अभी से प्लान बना कर रखे जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मानसून के दृष्टिगत पर्वतीय जनपदों में आवश्यक दवाओं, खाद्य सामग्री एवं अन्य मूलभूत आवश्यकताओं से संबंधित सभी व्यवस्थाएं पर्याप्त मात्रा में रखी जाए। साथ ही विद्यार्थियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आवश्यकतानुसार छुट्टी की घोषणा करें। अल्मोड़ा जनपद के सरियापनी में एसडीआरएफ बटालियन रखी जाए और विभिन्न विभागोंद्वारा शासन से जो धनराशि की मांगी जा रही है, वह धनराशि यथाशीघ्र संबंधित विभागों को दी जाए। इस दौरान बैठक में उपाध्यक्ष अवस्थापना अनुश्रवण परिषद् श्री विश्वास डाबर, मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, अपर मुख्य सचिव श्री आनन्द बर्द्धन एवं विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी, वर्चुअल माध्यम से कुमांऊ कमिश्नर श्री दीपक रावत एवं सभी जिलाधिकारी उपस्थित रहे।

## घर के बाहर भौंकने पर डंडे से पीटकर पालतू कुत्ते की ली जान

रूद्रपुर। घर के बाहर कुत्ते का भौंकना एक युवक को इतना नागवार लगा कि उसने डंडे से पीटकर उसकी जान ले ली। आजाद नगर वार्ड नं. सात निवासी रिंकू पत्नी रंजन ने बताया कि बीते दिनों दोपहर के समय उनका कुत्ता घर के बाहर खड़ा था उसी समय मोहल्ले का ही तपन मण्डल पुत्र विमल मण्डल अपने कुत्ते को गली में घुमा रहा था। तपन के कुत्ते को देखकर उनका कुत्ता भौंकने लगा तो तभी तपन मण्डल तैश में आ गया और कुत्ते को डण्डे से मारने लगा। जिससे कुत्ते की मौत हो गयी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर तपन मण्डल के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमादर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## हरिद्वार में दो बच्चे गंगा में डूबे

हरिद्वार। उत्तरी हरिद्वार में श्रीमद्भागवत कथा में आए उत्तर प्रदेश के कानपुर के दो परिवारों के दो किशोर सोमवार को शाम गंगा में नहाते समय डूब गए। एक का शव पुलिस ने बरामद कर लिया, जबकि दूसरे की तलाश में रेस्क्यू चलाया जा रहा है। पुलिस के अनुसार, उत्तरी हरिद्वार क्षेत्र में कानपुर के विधनू और कल्याणपुर थाना क्षेत्र के दो परिवार कथा सुनने आए हैं। शाम को परिजनों के साथ दो किशोर नहाने के लिए परमार्थ घाट पर पहुंच गए। सूचना पर तुरंत पुलिस टीम मौके पर पहुंची और गंगा में सर्च अभियान शुरू किया। कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया, कानपुर के विधनू थाना क्षेत्र के सपई निवासी राकेश के बेटे हर्ष (13) का शव बरामद कर लिया गया है, जबकि कानपुर के कल्याणपुर थाना क्षेत्र के सराय निवासी प्रदीप के बेटे नमन (15) की तलाश में एसडीआरएफ व जल पुलिस की टीम अभियान चला रही है।

# दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शुरू

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।दिव्यांग खिलाड़ियों को खेलों के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय स्तर तक आगे बढ़ाने एवं पैरालंपिक खेलों को बढ़ावा देने के लिए आयोजित सात दिवसीय काशीपुर,जसपुर से पहुंचे लगभग 70 दिव्यांग खिलाड़ियों को निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह, भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौहान एवं अंतर्राष्ट्रीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी नहीं है, शहर के दिव्यांग खिलाड़ियों ने पहले भी अपनी प्रतिभा का लोहा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मनवाया है आगे भी यह सिलसिला जारी रहेगा। रामपाल सिंह ने कहा आज खेलों में कैरियर की खेल वातावरण तैयार करने में वरदान साबित होंगे इस प्रकार के प्रशिक्षण शिविरों से खिलाड़ियों को अपने प्रदर्शन को और बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए मुख्यमंत्री उदयमान खिलाड़ी योजना बनाकर खिलाड़ियों को खेलों से जोड़ने के लिए सराहनीय काम कर रहे हैं अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग खिलाड़ी बैडमिंटन खेल के बारिकियों को समझाते हुए गुर सिखाए। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग खिलाड़ी हरीश चौधरी, रेखा मेहता,कुलदीप, राकेश कुमार, दिनेश कुमार, धन सिंह





निःशुलक खेल प्रशिक्षण शिविर का निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह, भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौहान एवं अंतर्राष्ट्रीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी मनोज सरकार ने संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। प्रशिक्षण शिविर में खटीमा, नानकमत्ता, किच्छा, रुद्रपुर, गदरपुर, बाजपुर, मनोज सरकार, समाजसेवी मनोज पांडेय द्वारा टी शर्ट वितरित की । प्रशिक्षण शिविर में पहुंचे दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए भगवती मेडिकल के स्वामी समाजसेवी दीपक छाबड़ा द्वारा जलपान की व्यवस्था की गई। इस अवसर पर निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह ने कहा कि दिव्यांगता अभिशाप अपार संभावनाएं हैं। धामी सरकार लगातार खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का काम कर रही है। पूरे प्रदेश में ब्लॉक स्तर से लेकर राज्य स्तर तक खेल महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है जिससे हजारों खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला है।खेल महाकुंभ प्रदेश में बेहतर अध्यक्ष अनिल चौहान ने कहा कि खेलों से शारीरिक ही नहीं बल्कि मानसिक विकास भी होता है जिस प्रकार खेल के क्षेत्र में आज हमारे शहर के दिव्यांग खिलाड़ी अपना प्रदर्शन कर रहे हैं कहीं ना कहीं यह है हमारे लिए गर्व की बात है मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं खेल मंत्री रेखा आर्य द्वारा सत्य प्रकाश द्वारा लगाए गए निशुल्क प्रशिक्षण शिविर का लाभ जूनियर खिलाड़ियों को मिलेगा जिससे वे आगमी होने वाली खेल प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन कर शहर का नाम रोशन कर सकेंगे। अर्जुन अवॉर्डी अंतरराष्ट्रीय पैरा खिलाड़ी मनोज सरकार ने दिव्यांग खिलाड़ियों को पैरा कोरंगा, सुबोध कुमार, आलोक तिवारी, सूर्य प्रताप सिंह भंडारी, सुरेंद्र रावत, अजय बड़ोई, बाबू सिंह, मोहम्मद यासीन, राजदीप सिंह, प्रदीप कुमार, अभिनव गुप्ता, सुनील शर्मा, गुरदीप कामरा, अनंत त्यागी, किशन सिंह, किरण पांडे, आयुष्मान जोशी, हरगुन सिंह, युवराज वर्मा, सहित अभिभावक गण उपस्थित रहे ।

## बुजुर्ग धर्म सिंह को मिलेगा पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के संज्ञान में आने के बाद अल्मोड़ा के लमगड़ा ब्लॉक के अंतर्गत तुलेड़ी गांव में रहने वाले बुजुर्ग धर्म सिंह को दो वर्ष के लंबे समयांतराल के बाद प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ मिलना शुरू हो जाएगा। रेटिना और अंगूठे का स्कैन न होने की वजह से धर्म सिंह की ई-केवाईसी नहीं हो पा रही थी। सोमवार को प्रधानमंत्री ने दिल्ली से सम्मान निधि की 17वीं किस्त जारी की तो स्थानीय लोगों ने धर्म सिंह के मामले को सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए मुख्यमंत्री से मामले में कार्रवाई की मांग की। मामला संज्ञान में आने के बाद मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को बुजुर्ग की ई-केवाईसी कराने के निर्देश दिए। जिसके बाद प्रशासन के आला अधिकारी बुजुर्ग के घर पहुंचे और उनकी ई-केवाईसी करवाई। अब जल्द ही धर्म सिंह को भी अन्य किसानों की भांति किसान सम्मान निधि मिलनी शुरू हो जाएगी। इस पर बुजुर्ग ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हमारी सरकार बुजुर्ग, महिलाओं और दिव्यांगों के कल्याण के लिए पूरी तरह से समर्पित है। हमारा प्रयास डबल इंजन सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से प्रत्येक वर्ग को लाभांवित करना है।

## घर के बाहर खड़ी की हुई स्कूटी चोरी

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। घर के बाहर खड़ी स्कूटी पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। स्कूटी मालिक ने वाहन बरामदगी की गुहार पुलिस से लगाई है। कारखाना बाजार महिला अस्पताल के सामने रहने वाले मयंक गुप्ता पुत्र अरविंद कुमार ने पुलिस को तहरीर दी है कि उसने अपनी स्कूटी संख्या यूके04के-6478 महिला अस्पताल के सामने अपने घर के नीचे खड़ी की थी। वह जब अपनी दुकान बंद करके घर आया तो उसकी स्कूटी गायब थी। उसने स्कूटी की ढूंढ खोज भी लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। पीड़ित स्कूटी बरामदगी की गुहार लगाई है।

## जोशीमठ में हाईवे पर भू-धंसाव से हुआ गहरा गड्ढा, वाहन रोके

चमोली। जोशीमठ नगर क्षेत्र के गांधीनगर वार्ड में रेलवे के अतिथि गृह के पास बदरीनाथ हाईवे पर मंगलवार को दोपहर में अचानक गड्ढा हो गया। इसके कारण लोग दहशत में आ गए। इसी मार्ग से बदरीनाथ धाम और हेमकुंड साहिब के दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं के वाहनों की आवाजाही होती है। हाईवे पर गड्ढा होने से कुछ देर के लिए वाहनों की आवाजाही भी रुकी रही। सूचना मिलने पर स्थानीय प्रशासन



की टीम और बीआरओ (सीमा सड़क संगठन) के कर्मी मौके पर पहुंचे। प्रशासन के निर्देश पर बीआरओ ने पत्थर और मिट्टी से गड्ढे को भरकर वाहनों की आवाजाही शुरू करवाई। इससे पहले भी इसी क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर दो बार हाईवे पर गड्ढे हो चुके हैं, जिससे गांधीनगर वार्ड के लोगों में दहशत बनी हुई है। जोशीमठ के उपजिलाधिकारी चंद्रशेखर वशिष्ठ ने बताया कि हाईवे पर अचानक गड्ढा होने की सूचना पर टीम को मौके पर भेजा गया। गड्ढे को भर दिया गया है, जोशीमठ के भू-धसाव वाले क्षेत्रों में सर्वेक्षण का कार्य चल रहा है, इसे भी दिखवाया जाएगा।

## जंगल की आग से विद्यालय के तीन कमरों का सामान जलकर हुआ राख

नैनीताल। बेतालघाट ब्लॉक की ग्राम पंचायत बजेड़ी गांव के जंगल में लगी आग मंगलवार की दोपहर आबादी क्षेत्र से होते हुए राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के भवन में पहुंच गई। आग से विद्यालय के तीन कमरों का सामान जलकर नष्ट हो गया। साथ ही फर्नीचर, कंम्प्यूटर और दस्तावेज जलकर राख हो गया। गनीमत रही की गर्मियों की छुट्टियों के चलते स्कूल के बंद होने से बड़ा हादसा टल गया। ग्रामीणों ने वन विभाग और पुलिस को आग लगने की सूचना दी। इस बीच ग्रामीण पानी की बाल्टियों और पाइप लाइन के सहारे पानी डालकर आग बुझाने में लगे रहे। वहीं पुलिस



कर्मियों और वन विभाग की टीम ने सबल से छत को उखाड़कर आग में पानी डालकर उसे अन्य कमरों में फैलने से रोका। ग्रामीणों और वन कर्मियों को आग बुझाने में करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों ने बताया कि आग से विद्यालय को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। एसडीएम बीसी पंत ने बताया कि आग से फिलहाल कोई जनहानि नहीं पहुंची। ग्रामीणों की मदद से आग को बुझाया गया है। नुकसान के आंकलन के लिए टीम भेजी गई। इस दौरान नायब तहसीलदार बीसी भंडारी, पटवारी विजय नेगी, एसआई हरी राम आर्य, नवीन चंद्र पांडे, वन दरोगा योगेश सिंह बोहरा, मनोज कुमार, नंद किशोर, दीवान सिंह, देवेंद्र सिंह जलाल, राजेंद्र कार्की, भुवन सिंह बिष्ट आदि मौजूद रहे।

# श्री हरि चैतन्य पुरी महाराज का प्राकट्योत्सव धूमधाम से मनाया

## भारत को जगद्गुरु बनाने में अपने कर्तव्यों का करें पालन: हरि चैतन्यपुरी

गढीनेगी (उद संवाददाता)। श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर एवं भारत के महान सुप्रसिद्ध युवा संत श्री श्री 1008 स्वामी श्री हरि चैतन्य पुरी जी महाराज का आज यहाँ श्री हरि कृपा धाम आश्रम में विराट धर्म सम्मेलन के दौरान भव्य रूप से धूमधाम से प्राकट्योत्सव मनाया गया। "कांमा के कन्हैया" व "लाठी वाले भैया" की जय जयकार से सारा वातावरण गूंज उठा। इस अवसर पर उपस्थित विशाल भक्त समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि अपने देश की अमूल्य व महान संस्कृति को समझें व अपनाएं। पाश्चात्य सभ्यता के अंधानुकरण को त्याग कर संस्कृति के अनुसार जीवन जीए,यदि ना जी सकें तो कम से कम विकृति परिपूर्ण जीवन जीने की कोशिश ना करें। महाराज श्री ने कहा कि हमें प्यारे वतन व इसकी महान व अमूल्य संस्कृति पर गर्व है व सभी भारतवासियों को होना भी चाहिए। विश्व बंधुत्व,सर्वे भवन्तु सुखिन: व वसुधैव कुटुम्बकम का भाव रखती है हमारी भारतीय संस्कृति। जिसकी आन, बान, शान को बनाए रखने के लिए असंख्य भारत माँ के सपूतों ने अपनी कुर्बानियो हमेशा से दी है ,जिसका गौरव बढ़ाने व बरकरार रखने के लिए अपना सर्वस्व अर्पण कर दिया है। महाराज श्री ने कहा कि विश्व शांति के अग्रदूत हमारे देश में आज अशांति दुर्भाग्यपूर्ण व चिंता का विषय है, समय रहते जागरूक होकर निस्वार्थ भाव से मिल जुलकर राष्ट्र व समाजहित को सर्वोपरि रखते हुए यदि समुचित प्रयास किए जाएं तो यहाँ भी शांति होगी ही तथा एक बार फिर संपूर्ण विश्व में शांति का संदेश यही से गूंज उठेगा। अच्छा बोलो ,अच्छा सुनो ,अच्छा देखो ,अच्छा संग करो, अच्छा विचारों तथा कल्याणकारी संकल्प करो। यदि परमात्मा का स्मरण नहीं है तो हम कहीं भी शांति नहीं पा सकते। हम चाहें तो अपनी गलतियों से भी सीख सकते हैं नहीं तो साक्षात परमात्मा भी आ जाए तो हम उनसे भी कुछ नहीं सीख सकते। यदि एक बार हम अपना दृष्टिकोण बदलकर देखें तो हम को इस सृष्टि में वो अच्छाईयाँ नजर आएंगी जिसकी हमने कल्पना भी नहीं की है। श्री महाराज ने पर्यावरण का संदेश देते हुए आयोजन स्थल पर पौधा रोपण भी किया। अपने धाराप्रवाह प्रवचनों से उन्होंने सभी भक्तों को मंत्रमुग्ध व भाव विभोर कर दिया। सारा वातावरण भक्तिमय हो उठा व" श्रीगुरु महाराज", "कामां के कन्हैया" व "लाठी वाले भैया "की जय जयकार से गूंज उठा। महाराज श्री के दिव्य भी प्रवचनों को सुनने व प्राकट्योत्सव मनाने के लिए जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, दिल्ली, गुजरात, महाराष्ट्र ,पंजाब, चण्डीगढ़ , उड़ीसा, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक व उत्तरांचल के विभिन्न भागों से लाखों की संख्या में भक्तजन पहुँचे। कार्यक्रम में विश्व प्रसिद्ध भजन गायक पप्पू लहरी, नृत्य नटराज डान्स एकेडमी द्वारा, प्रांतीय एवं राष्ट्रीय अनेक प्रमुख राजनेता पहुँचे। कार्यक्रम में वृन्दावन धाम से भजन कलाकारों ने भजन प्रस्तुत किए व छोटे छोटे बच्चों ने नृत्य प्रस्तुत किए। श्री हरि प्राकट्योत्सव विश्व में 360 से भी अधिक स्थानों पर धूमधाम से श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। सभी ने बधाई गाते हुए, नाचते हुए कार्यक्रम की शोभा बढ़ायी। इससे पूर्व महाराज श्री के सान्निध्य में कल प्रारंभ हुए 'अखण्ड मानस पाठ' का परायण किया गया व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया।





# वीएचबी मेडिसाइंस के श्रमिक हुए मुखर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिडकुल के सेक्टर 5 में स्थित वीएचबी मेडिसाइंस लिमिटेड फैक्ट्री के श्रमिक मांगों को लेकर मुखर हो गये। उन्होंने बुधवार को फैक्ट्री गेट के समक्ष विरोध प्रदर्शन कर धरना दिया। श्रमिकों ने फैक्ट्री प्रबंधन पर शोषण का आरोप लगाते हुए कहा कि उन्हें निर्धारित मानकों के अनुसार वेतन ओर सुविधाएं नहीं दी जा रही है। सरकार ने न्यूनतम वेतन 10900 रूपये निर्धारित किया है जबकि उन्हें आठ घंटे के सिर्फ 8700 रूपये दिये जा रहे हैं। जबकि पीएफ 10900 के हिसाब से काटा जा रहा है। श्रमिकों ने प्रबंधन पर श्रम कानूनों की अनदेखी का आरोप भी लगाया। श्रमिकों ने सेलरी बढ़ाये जाने सहित अन्य मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन जारी रखने का ऐलान किया। मामले को लेकर एचआर हैड कमल जीत सिंह ने कहा कि श्रमिकों की मांगों को लेकर प्रबंधन से वार्ता चल रही है। जल्द ही इस पर निर्णय लिया जायेगा। इस दौरान मनीष, संजय कमल, राजवीर, श्याम, अंकित रमेश, सोनू, ममता, सुजीत, कमला, नेहा, प्रीति, कल्पना, सुनील, नरेन्द्र, राहुल, राजेश, ललित, मोनू आदि समेत तमाम श्रमिक मौजूद थे।



# आतंकी हमले के विरोध में फूंका जलाया

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।जम्मू कश्मीर में धार्मिक यात्रा पर निकले हिन्दू श्रद्धालुओं पर आतंकवादियों द्वारा हमला किये जाने के विरोध में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन के बीच आतंकवार का पुतला फूंका और आतंकवादियों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई की मांग को लेकर जिला प्रशासन के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन प्रेषित किया। विरोध प्रदर्शन कर रहे हिंदू संगठनों के पदाधिकारियों ने कहा कि जम्मू कश्मीर में धार्मिक यात्रा पर निकले निहत्थे हिन्दू श्रद्धालुओं पर माता वैष्णो देवी कटरा से शिव खोड़ी दर्शन को जाते समय 9 जून को पाकिस्तान से पोषित आतंकवादियों ने घात लगाकर अंधाधुंध गोली बारी कर बस चालक सहित 10 तीर्थ यात्रियों की हत्या कर दी जिससे देश भर में भारी आकोश व्याप्त है। उन्होंने राष्ट्रपति को प्रेषित ज्ञापन में भविष्य में ऐसी अप्रिय घटनाओं को रोकने के लिए सख्त कदम उठाये जाने की मांग की। विरोध प्रदर्शन में बजरंग दल संयोजक आदित्य धीमान, जिला धर्म प्रचार प्रमुख सुल्तान सिंह, नगर मंत्री सुदेव दास गुप्ता, अखिलेश अग्रवाल, यश चौहान, सुधीर देवल, अजय पाल ,मनीष कश्यप , इंद्रजीत सिंह, अनमोल त्रिपाठी, नागेंद्र गंगवार, मोहित आर्य, गौरव शर्मा, मनीष कोली, अनुभव पाल, सचिन वर्मा आदि शामिल थे।



# छबील लगाकर बांटा शरबत

खटीमा(उद संवाददाता)। टनकपुर रोड में जामा मस्जिद के सामने मुख्य रोड पर सिखों के पांचवे गुरु अर्जन देव जी की शहीदी दिवस के उपलक्ष में स्थानीय व्यापारियों एवं समाजसेवियों तथा शहर के गणमान्य व्यक्तियों के सहयोग से भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप से राहत दिलाने के लिए छबील लगाकर पूर्णागिरि जाने वाले श्रद्धालुओं और राहगीरों तथा स्थानीय लोगों को शीतल मीठा शरबत पिलाकर गला तर किया गया। भीषण गर्मी में शहर में विभिन्न समाजसेवी संगठनों द्वारा



जगह-जगह मीठे जल वितरण का कार्यक्रम किया जा रहा है। इसी क्रम में आरटीआई एक्टिविस्ट संतोष मल्होत्रा, पंजाबी महासभा के अध्यक्ष विजय अरोड़ा, राजीव मल्होत्रा, हरीश बत्रा, लायंस क्लब के पूर्व अध्यक्ष बाबूराम अरोड़ा, ताजिम भाई, कविता धींगरा, राजा भाई, घनश्याम अग्रवाल, विक्रम यादव, बार-बार एसोसिएशन के सचिव विशिष्ट देव, वरिष्ठ समाज से भी सचिन विच, अरविंद गोयल,मनोज वाधवा आदि थे।

# स्मैक के साथ युवक दबोचा

रुद्रपुर। खटीमा में पुलिस ने स्मैक तस्करी में एक वेल्डर को गिरफ्तार किया है। वेल्डर एक साल पहले ही स्मैक तस्करी के मामले में जमानत पर छूटा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज किया है। मंगलवार को पुलिस कार्यालय में एसपी क्राइम चंद्रशेखर घोड़के ने बताया कि मंगलवार की सुबह खटीमा पुलिस को मुखबिर ने सूचना दी कि प्रेम टाकीज के पास खाली मैदान में एक व्यक्ति स्मैक बेचने के लिए खड़ा है। इस पर कोतवाल मनोहर सिंह दशौनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 42.64 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पूछताछ में उसने अपना नाम समीर अहमद उर्फ चांद निवासी वार्ड नंबर पांच, नूरी मस्जिद के पास इस्लामनगर खटीमा बताया। समीर ने बरामद स्मैक पुराना गिधौर नानकमत्ता निवासी सुवैग सिंह उर्फ छुबैद उर्फ छैगी से खरीदकर लाने की बात स्वीकारी। कहा कि वह स्मैक को खटीमा क्षेत्र में बेचता है। एसपी क्राइम ने बताया कि आरोपी आदतन नशा तस्कर है। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तीन और हत्या का एक केस दर्ज है।



# बिमार पत्नी को लोहे की रॉड से पीटा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प थाना क्षेत्र में रहने वाली एक महिला ने पति पर सरिया और लात घुसों से पीटने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगायी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जनपथ रोड फुलसुंगा निवासी अनीता पत्नी राम गोपाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसे रसोली की बिमारी है। अनीता के मुताबिक जब उसने पति से इलाज करवाने को कहा तो उसने मायके जाकर इलाज करवाने को कहा। इसके बाद चार दिन तक पति घर से गायब हो गया। सात जून की रात लगभग एक बजे पति कमरे पर आया आते ही गालियां देते हुए सरिया रॉड, लात घुसों से बुरी तरह पीटने लगा। पिटाई से अनीता बेहोश हो गयी। आरोप है कि पति ने मोबाइल भी तोड़ दिया। जब उसे होश आया तो उसने मकान मालिक को बुलाया और पूरी जानकारी अपने मायके वालों को दी। पीड़िता का कहना है कि उसे पति से जान का खतरा है। पीड़िता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

गदरपुर(उद संवाददाता)। अवैध कच्ची शराब के खिलाफ चलाये अभियान में पुलिस ने 100 लीटर अवैध शराब व बिना नंबर की मोटरसाइकिल के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। मुख्य हाईवे पर महतोष में पुलिस ने मुखविर की सूचना पर गोविंद सिंह पुत्र बलबीर सिंह निवासी ग्राम अर्जुनपुर रायपुर को 100 लीटर अवैध कच्ची शराब तथा मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना अध्यक्ष जसवीर चौहान,उपनिरीक्षक पवन जोशी, कांस्टेबल कुंदन सिंह, दीपक जोशी आदि शामिल थे।



# बिजली चोरी करते 50 लोग पकड़े

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। भीषण गर्मी के बीच बढ़ती ओवरलोडिंग और बिजली चोरी की वारदातों को रोकने के लए विद्युत विभाग ने वनभूलपुरा क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की है। विभाग ने क्षेत्र में चौकिंग अभियान चलाकर 50 लोगों को बिजली करते हुए पकड़ा है। इन सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की तैयारी की जा रही है। बिजली विभाग की टीम सुबह ही वनभूलपुरा क्षेत्र में चौकिंग अभियान शुरू कर दिया। बिजली विभाग द्वारा चौकिंग अभियान चलाए जाने स क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति पैदा हो गई। अभियान विद्युत वितरण खंड 2 हल्द्वानी अधिशासी अभियंता प्रदीप बिष्ट के नेतृत्व में बनभूलपुरा क्षेत्र में बिजली चोरी के विरुद्ध अभियान चलाया गया। अभियान में लगभग 50 लोगों को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा है। टीम ने बिजली काटकर कार्रवाई शुरू की। शहर में बिजली चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए विद्युत विभाग द्वारा समय समय पर चौकिंग अभियान चलाकर बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

# अवैध शराब सहित एक गिरफ्तार

दिनेशपुर(उद संवाददाता)। पुलिस ने फुटकर विक्रेता को सप्लाई देने जा रहे एक शराब तस्कर को 30 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है।एसआई लोकेश कुमार ने बताया कि सोमवार की शाम को वह श्रीरामपुर तिराहे के पास पुलिस कर्मियों के साथ गश्त पर थे। इस दौरान प्लास्टिक का कट्टा लेकर आ रहे एक व्यक्ति की तलाशी लेने पर कट्टे से 70 पाउच (30 लीटर ) कच्ची शराब बरामद हुइ। पूछताछ में युवक ने अपना नाम हरजीत सिंह निवासी रायपुर बताया। एसआई ने बताया कि पकड़ा गया युवक शराब तस्कर है। बरामद शराब के पाउच को वह चक्कीमोड़ के हाटबाजार में सप्लाई देने ले जा रहा था। उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम में कार्रवाई की गई।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि दिनांक 11 जून 2024 को तकनीकी खराबी के कारण समाचार पत्र प्रकाशित नहीं हुआ। पाठकों को हुई असुविधा के लिये हमें खेद है।

– सम्पादक

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# उत्तराखंड में 'मजाक' बनकर रह गया 'सुगम-दुर्गम कोटिकरण'

**मात्र दो माह के भीतर ही सुगम से दुर्गम हो गए सूबे के सात जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, राज्य के शिक्षा महानिदेशक ने माध्यमिक शिक्षा निदेशक की अध्यक्षता वाली समिति के आदेश को किया रद्द, प्रभावित शिक्षकों-कर्मचारियों में व्यापक रोष, शिक्षा महानिदेशक के आदेश को बताया राज्य के तबादला एक्ट का उल्लंघन**

-अर्श-

रूद्रपुर। उत्तराखंड के शिक्षा महकमे में कब कौन सा गुल खिल जाए? कुछ कहा नहीं जा सकता। सूबे के शिक्षा महकमा ने अब एक ऐसा कारनामा कर दिखाया है, जिसने उत्तराखंड लोक सेवक वार्षिक स्थानांतरण अधिनियम 2017 के तहत किए जाने वाले कोटीकरण को एक मजाक बनाकर रख दिया है ।ज्ञात हो कि राज्य में लागू तबादला एक्ट के तहत 10 जून तक विभिन्न विभागों को तबादला आदेश जारी करने थे, लेकिन राज्य में चुनाव आचार संहिता लागू रहने की वजह से शिक्षा समेत विभिन्न विभागों में अब तक तबादलों के आदेश जारी नहीं किया जा सके। लिहाजा आचार संहिता समाप्त होने के बाद अब विभिन्न सरकारी विभाग सुगम -दुर्गम क्षेत्र के कोटिकरण एवं तबादलों के लिए पात्र शिक्षक-कर्मचारियों की सूची तैयार करने में जुट गए हैं।मजे की बात तो यह है कि सुगम-दुर्गम क्षेत्र के कोटिकरण एवं तबादलों के लिए पात्र शिक्षक-कर्मचारियों की सूची तैयार करने की इस कवायद में राज्य के शिक्षा महानिदेशक ने एक ऐसा आदेश जारी कर दिया है, जिससे महज दो माह के भीतर ही प्रदेश के सात डायट सेंटर सुगम से दुर्गम घोषित हो गए हैं। गौर तलब है कि प्रदेश के माध्यमिक शिक्षा निदेशक महावीर सिंह बिष्ट की अध्यक्षता में गठित एक समिति ने राज्य के जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों का कोटिकरण किया था ।कोटिकरण के बाद समिति ने 20 अप्रैल 2024 को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान




बड़कोट (उत्तरकाशी), जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान चड़ीगांव (पौड़ी गढ़वाल), गौचर (चमोली), रतूड़ा (रुद्रप्रयाग), डीडीहाट (पिथौरागढ़), लोहाघाट (चंपावत) और जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बागेश्वर को सुगम घोषित किया था । समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा था कि निकट के माध्यमिक विद्यालयों की श्रेणी को देखते हुए उपरोक्त सभी डायट सुगम घोषित किए गए हैं, लेकिन शिक्षा महानिदेशक ने 10 जून 2024 को एक आदेश जारी कर वर्ष 2024 में किए गए जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों के कोटिकरण को रद्द कर दिया है ।शिक्षा महानिदेशक बंशीधर तिवारी की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि इससे पैदा होने वाली विसंगतियों को देखते हुए वर्ष 2024 के कोटिकरण को रद्द किया जाता है और अब सभी जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों में वर्ष 2022 में तय कोटिकरण ही लागू होगा। शिक्षा महानिदेशक के ताजा आदेश के बाद वे सभी जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान जो दो महीने पहले सुगम घोषित किए गए थे, अब दुर्गम माने जाएंगे। शिक्षा महानिदेशक के ताजा आदेश के बाद राज्य के शिक्षकों के भीतर खासा असंतोष है तथा कुछ शिक्षकों ने सुगम घोषित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों को दुर्गम में शामिल करने इस आदेश को दूरस्थ क्षेत्रों के शिक्षकों के साथ एक बड़ा अन्याय बताया है। शिक्षकों का कहना है कि सुगम क्षेत्र यदि इसी प्रकार दुर्गम घोषित किए जाते रहे, तो अति दुर्गम क्षेत्रों के शिक्षक कभी सुगम में नहीं आ पाएंगे। शिक्षकों ने शिक्षा महानिदेशक के उक्त आदेश को राज्य के तबादला एक्ट 2017 का उल्लंघन भी बताया है। बता दे की उत्तराखंड लोक सेवकों के लिए वार्षिक स्थानांतरण अधिनियम 2017 के अनुसार लोक सेवकों का हर साल कार्यस्थल का कोटिकरण होना आवश्यक है, लेकिन शिक्षा विभाग में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों के लिए वर्ष 2022 के कोटिकरण को लागू किया जा रहा है।

# सड़क हादसे में स्कूल बस चालक की मौत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एनएच 74 हाईवे पर लालपुर में अज्ञात वाहन ने सड़क क्रास कर रहे युवक को जोरदार



टक्कर मार दी। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गयी। घटना के बाद अज्ञात वाहन चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार रामेश्वरपुर लालपुर निवासी 25 वर्षीय जसपाल सिंह उर्फ करन पुत्र सतनाम सिंह भारतीयम स्कूल की बस चलाता था। मंगलवार रात करीब नौ बजे वह किसी काम से लालपुर आया था। हाईवे पर बड़ौदा बैंक के सामने पैदल सड़क क्रास करते समय अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में करन की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। घटना के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना से मृतक के परिवार में कोहराम मचा है। पुलिस घटना के बाद फरार वाहन की तलाश कर रही है।

## डिवाईडर से भिड़ी स्कूटी, दो घायल

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। नैनीताल रोड पर मंगलवार रात स्कूटी सवार दो युवक डिवाइडर से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को जिला अस्पताल भर्ती कराया। जहां दोनों का उपचार चल रहा है। जानकारी के अनुसार मंगलवार रात आठ बजे स्कूटी सवार दो युवक डीडी चौक से इंदिरा चौक की ओर जा रहे थे। इस दौरान नगर निगम के पास उनकी स्कूटी नियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गइ। हादसे में स्कूटी सवार दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पुलिस और सीपीयू कर्मी मौके पर पहुंचे। दोनों घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया। यहां चिकित्सक उनका प्राथमिक उपचार करने के बाद एक युवक की गंभीर चोटों को देखते हुए सुशीला तिवारी रैफर कर दिया। जबकि दूसरे का जिला अस्पताल में ही उपचार चल रहा है। ट्रैफिक पुलिस एसआई धनपाल तिवारी ने बताया कि दोनों घायल गांधी कॉलोनी निवासी हिमांशु और दीपक है। उनके परिजनों को सूचना दे दी गई है।




# सड़क हादसे में मां बेटे सहित तीन लोग घायल

रूद्रपुर। बरेली के आंवला स्थित मनोना धाम से दर्शन करके बाइक पर लौट मां बेटा सहित तीन लोग हादसे में घायल हो गये। घायलों को जिला अस्पताल भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार ट्रांजिट कैम्प निवासी 19 वर्षीय रजत शर्मा पुत्र



धर्मेन्द्र अपनी माता प्रीति देवी और रिश्तेदार अमन शर्मा पुत्र हुर्रीलाल के साथ आंवला स्थित मनोना धाम गये थे। बुध वार दोपहर वापस लौटते समय इंदिरा चौक पर रॉंग साईड आ रहे ट्रक से बचने के प्रयास में उनकी बाइक संख्या यूपी 26एई 5829 अनियंत्रित होकर बाइक से टकरा गयी। जिससे बाइक सवार तीनों लोग घायल हो गये। तीनों को उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां से प्रीति देवी की हालत गंभीर देखते हुए उसे रैफर कर दिया गया।

# घटिया निर्माण पर भड़के लोग,निर्माण रूकवाया

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। आवास विकास मुख्य मार्ग के निर्माण में घटिया सामग्री के इस्तेमाल पर लोग भड़क उठे। कांग्रेसियों ने स्थानीय लोगों और व्यापारियों के साथ विरोध प्रदर्शन करते हुए निर्माण रूकवा दिया। बृहस्पति देव मंदिर से शिव मंदिर होते हुए पुलिस लाईन तक आवास विकास मुख्य मार्ग इंटर लॉकिंग टायल से निर्माण कराया जा रहा है। लोक निर्माण विभाग द्वारा कराये जा रहे सड़क निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का प्रयोग किये जाने की भनक लगने पर कांग्रेस महानगर अध्यक्ष सहित तमाम कांग्रेसी और आवास विकास के लोग भड़क उठे। उन्होंने विरोध प्रदर्शन करते हुए निर्माण कार्य रूकवा दिया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने कहा कि



बीस साल के बाद इस सड़क का निर्माण किया जा रहा है। यह आवास विकास का मुख्य मार्ग है जिसमें हजारों लोगों की आवाजाही होती है। प्रदर्शनकारियों ने मुख्य सड़क को डामरीकृत या फिर सीसी सड़क निर्माण की मांग की। कहा कि जब तक विधायक या लोनिवि के अधिकारी मौके पर आकर समस्या समाधान नहीं करवाते तब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं होने दिया जायेगा। प्रदर्शनकारियों ने मामले को लेकर बृहस्पतिवार को सुबह दस बजे आवास विकास स्थित शिव शक्ति मंदिर में स्थानीय लोगों की बैठक बुलाने और आंदोलन की रणनीति बनाने का निर्णय लिया। विरोध करने वालों में कांग्रेस नगर महामंत्री सुनील आर्य, पूर्व सभासद शीला कक्कड़ इदरीश गोला, अनिल साहनी, अरविंद मामू, संजय गुप्ता, आनंद सिंह, रामेश्वर, पुष्कर सिंह बोरा, साहिल कक्कड़, मदन गगनेजा, राम चन्द्र सागर, लखविंदर बेदी, प्रवेश कुमार, अल बिहारी, राम स्वरूप, गोपाल भसीन, परमजीत सिंह, जगदीश कुमार, रिक्की गुप्ता, सुबेदार सिंह रावत, नवीन सिंह, छोटे लाल, बाबू विश्वकर्मा आदि समेत तमाम लोग मौजूद थे।

# संदिग्ध हालातों में विषपान से अधेड़ की मौत

हल्द्वानी(उद संवाददाता)।संदिग्ध परिस्थिति के चलते एक अधेड़ ने विषैले पदार्थ का सेवन कर लिया जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने उसका पोस्टमार्टम करा कर शव को परिजनों को सौंप दिया। हिम्मतपुर मल्ला पोस्ट हरीपुर नायक थाना मुखानी निवासी 58 वर्षीय देवी दत्त पांडे पुत्र भैरव दत्त बीते दिवस घर से बाजार जाने की बात कह कर के निकले थे। जब देर शाम तक देवी दत्त घर नहीं पहुंचे परिजनों ने उनकी खोजबीन शुरू की और उनकी थाना पुलिस को सौंपी। तहरीर पाकर पुलिस ने उसके फोन को सर्विलांस में लगाया तो देवी दत्त की लोकेशन कालाढूंगी के पास आई। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो देवी दत्त एक मंदिर के पास पड़ा मिला उसे पुलिस उपचार के लिए सुशीला तिवारी अस्पताल ले आई जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा कर उसके परिजनों को सौंप दिया है पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण पता चल पाएगा।

# ईमेल आईडी पर दिया बैंक का खाता,सात लाख ठगे

काशीपुर(उद संवाददाता)। साइबर ठगी की एक और हैरत अंग्रेज घटना में पेपर मिल के अकाउंट से सात लाख रुपए आगे जाने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस में तहरीर के आधार पर प्राथमिक की दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर सिद्धार्थ पेपर्स प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी के जीएम (एचआर) संजय कुमार ने बताया कि उनकी कम्पनी द्वारा एटीएस टेक्नो प्रा. लि. को ग्राईण्डिग और पॉलिशिंग का कार्य कराने का वर्क आर्डर कंपनी की मेल पर दिनांक 03.05.2023 को दिया गया था। उक्त कार्य की पेमेंट के लिए एटीएस टेक्नो प्रा. लि. ने कंपनी की मेल आईडी पर पंजाब नेशनल बैंक का खाता दिया, जिसमें कम्पनी द्वारा कुल 7 लाख रुपये जमा कर दिये गये।संजय कुमार ने बताया कि एटीएस टेक्नो प्राईवेट लिमिटेड के प्रतिनिधि आकाश ओझा ने उनसे जब अपने कार्य की पेमेंट मांगी तो उन्होंने बताया कि पेमेंट तो हमने कर दी है। जिस पर ओझा ने बताया कि हमारी कम्पनी का पंजाब नेशनल बैंक में कोई खाता नही है। तब जाकर उनकी कम्पनी को ठगी का एहसास हुआ। संजय कुमार की तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात साइबर ठग के खिलाफ धारा 120बी, 34, 419, 420, 66डी के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# बाल श्रम के खिलाफ चला चेकिंग अभियान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बाल श्रम रोकने के लिए संयुक्त टीम ने बुध वार को आवास विकास में कई दुकानों पर छापेमार कार्रवाई की। इस दौरान कई बच्चे दुकानों पर काम करते पाये गये। संयुक्त टीम मामले में दुकान स्वामियों के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी कर रही है। छापे की कार्रवाई से दुकानदारों में हड़कम्प मचा रहा। जानकारी के अनुसार दुकानों पर काम करने वाले बच्चों को बाल श्रम से निजात दिलाकर उन्हें पढ़ाई की तरफ ले जाने के उद्देश्य से बुधवार को श्रम विभाग, चाइल्ड हेल्पलाइन एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट, और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की संयुक्त टीम ने आवास विकास में करीब दर्जनभर दुकानों में औचक चेकिंग की। चेकिंग अभियान से दुकानदारों में हड़कम्प मच गया। इस दौरान कुछ दुकानों में नाबालिग बच्चे काम करते पाये गये। टीम ने काम करने वाले बच्चों के आधार कार्ड मंगाकर उनके बारे में



पूरी जानकारी जुटाई और बच्चों को स्कूल जाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही दुकानदारों को भी बच्चों से काम न कराने की हिदायत दी गयी। श्रम प्रवर्तन अधिकारी बलराम सिंह ने कहा कि बाल श्रम अपराध है, जिस भी दुकान में नाबालिग बच्चे काम करते पाये जायेंगे उन दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि चेकिंग अभियान आगे भी जारी रहेगा। संयुक्त टीम में बलराम सिंह के अलावा श्रम विभाग के कनिष्क सहायक दीपक दुम्का, एएचटीयू प्रभारी जीतो काम्बोज, कांस्टेबल ममता मेहरा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ती रंजू, सुनीता चौरसिया, शांति गोलदार, पुष्पा मण्डल, मालती,चाइल्ड हेल्पलाईन की कोर्डिनेटर चांदनी रावत, काउंसलर सुनील कुमार आदि शामिल थे।